
Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 38 | शुक्रवार, 07 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-14 | मूल्य-एक रुपया

## 'जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास हो रहा'
# पीएम बोले- अंबेडकर से कांग्रेस को नफरत मजबूरी में बोलना पड़ रहा जय भीम



**नई दिल्ली।**

मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर से नफरत करती थी- इसकी पुष्टि के लिए कई दस्तावेज हैं। कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि डॉ. अम्बेडकर को दो बार चुनावों में हार मिले।

राज्यसभा में बोलते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज समाज में जाति का जहर फैलाने की कोशिश की जा रही है। कई सालों से सभी पार्टियों के ओबीसी सांसद ओबीसी पैनल को संवैधानिक दर्जा देने की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी मांग खारिज कर दी गई, क्योंकि यह कांग्रेस की राजनीति के अनुकूल नहीं हो सकता था। लेकिन हमने इस पैनल को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी ने कहा कि भारत के पास जो समय है, उसके पल-पल का उपयोग देश की प्रगति के लिए, जन-सामान्य के लिए हो। इसके लिए हमने परिपूर्णता का अप्रोच अपनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो योजना बनें, जिनके लिए बनें, उनको उसका शत-प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। किसी को दिया, किसी को नहीं दिया, उस स्थिति से बाहर आकर परिपूर्णता के अप्रोच की ओर हमारे काम को हमने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमने दिव्यांगों के लिए आरक्षण का विस्तार किया। हमने दिव्यांगों के लिए मिशन मोड में काम किया। हमने दिव्यांगों के लिए न सिर्फ कई योजनाएं बनाईं, बल्कि उनका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया। हमने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कानूनी अधिकार भी सुनिश्चित किए। इससे यही पता चलता है कि हम 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श पर जीते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र से प्रेरित होकर सामान्य वर्ग के गरीबों को 10% आरक्षण दिया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर से नफरत करती थी- इसकी पुष्टि के लिए कई दस्तावेज हैं। कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि डॉ. अम्बेडकर को दो बार चुनावों में हार मिले। उन्होंने कभी भी उन्हें भारत रत्न के लिए नहीं माना।

> उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में, हमने समाज के कई छोटे वर्गों, जैसे चमड़ा और जूता उद्योग, को छुआ है। इससे हमारे समाज के गरीब लोगों को फायदा होगा. उदाहरण के लिए, खिलौना उद्योग ज्यादातर गरीबों को रोजगार देता है। हमने उस पर ध्यान केंद्रित किया और इस उद्योग में काम करने वाले लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। इससे व्यापक बदलाव आया है। पहले हम खिलौने आयात करते थे लेकिन आज, हम 3 खिलौने निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे की लकीर छोटी करना रहा...इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। उन्होंने (कांग्रेस) जो ये रास्ता चुना है उसके चलते लोकसभा चुनाव के बाद उनके साथ जो थे, वे भी भाग रहे हैं।

## 10 दिनों के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत



**नई दिल्ली।**

11 और 12 फरवरी को वह कोलकाता के अखिल भारतीय टोली बैठक में संघ के केंद्रीय नेतृत्व के साथ अहम बैठक करेंगे। फिर 13 फरवरी को वह मध्य बंगाल, बर्दवान के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के संगठनात्मक कार्य के लिए 10 दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे हैं।

यह 5 फरवरी को आरएसएस पश्चिम बंगाल इकाई द्वारा सूचित किया गया था। आरएसएस बंगाल के महासचिव जिष्णु बसु द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा गया कि मोहन भागवत संघ कार्यकताओं और प्रचारकों के साथ कई दौर की चर्चा करने वाले हैं। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, भागवत 6 फरवरी को कोलकाता पहुंचें। इसके बाद 7 फरवरी से 10 फरवरी तक वह कोलकाता में केशव भवन में रहेंगे और संघ कार्यकताओं और वरिष्ठ संघ सदस्यों से मुलाकात करेंगे। 11 और 12 फरवरी को वह कोलकाता के अखिल भारतीय टोली बैठक में संघ के केंद्रीय नेतृत्व के साथ अहम बैठक करेंगे। फिर 13 फरवरी को वह मध्य बंगाल, बर्दवान के लिए रवाना होंगे। 14 फरवरी को भागवत एक नए संघ कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और 1 फरवरी को बर्दवान के तलित में साई कॉम्प्लेक्स में सभी संघ कार्यकताओं के लिए एक बैठक करेंगे। बसु ने कहा कि हमारे आरएसएस परिवार के पसंदीदा व्यक्ति, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक मोहन भागवत सभी क्षेत्रीय सदस्यों से मिलने के लिए यहां आएंगे।

### चुनावी नतीजों से पहले आप का दावा
## हमारे सात विधायकों को भाजपा ने किया फोन, 15 करोड़ देने की पेशकश की

**नई दिल्ली।**





आप सांसद संजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। संजय सिंह ने कहा कि आप के सात विधायकों को कुछ भाजपा तत्वों से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है

दिल्ली चुनाव के लिए 70 सीटों पर वोटिंग खत्म हो चुकी है। 2025 के दिल्ली चुनाव के एग्जिट पोल ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट लाभ दिया है। हालांकि, शनिवार को वोटों की गिनती होगी। तीसरे कार्यकाल का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की उम्मीदों पर पानी फिरता लग रहा है। इन सबके बीच आप सांसद संजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। संजय सिंह ने कहा कि आप के सात विधायकों को कुछ भाजपा तत्वों से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। संजय सिंह ने कहा कि हमने विधायकों से कहा है कि वे ऐसे ऑडियो कॉल को रिकॉर्ड करें और इसकी शिकायत करें।


## जेवर विधानसभा में बनेगी एक और गौशाला निराश्रित गौवंशों से मिलेगी निजात

**नई दिल्ली।**



जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्राम धनौरी में गौशाला की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्र में न सिर्फ आवारा और निराश्रित गौवंश की समस्या में कमी आएगी बल्कि गौवंश का बेहतर सरंक्षण होगा तथा गौशाला बनने से आम जनमानस को छुट्टा गौवंशों की समस्या से भी राहत मिलेगी। जेवर विधानसभा में एक और गौशाला बनेगी, निराश्रित गौवंशों से निजात मिलेगी, ग्राम धनौरी में लगभग 05 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य, अगले सप्ताह होगा टेंडर, लगभग 500 गौवंशों को आसरा मिलेगा। विगत 04 वर्ष पहले ग्राम भट्टा, पारसौल, मुतैना, सक्का, उस्मानपुर, मिजार्पुर, आछेपुर, चांद्पुर आदि दर्जनों ग्रामों के किसानों ने जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के समक्ष यह मांग उठाई थी। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्राम धनौरी में गौशाला की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्र में न सिर्फ आवारा और निराश्रित गौवंश की समस्या में कमी आएगी बल्कि गौवंश का बेहतर सरंक्षण होगा तथा गौशाला बनने से आम जनमानस को छुट्टा गौवंशों की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस गौशाला में पेयजल हेतु बेहतर सुविधा होगी। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त हरा चारा, चोकर, पेयजल की सुविधा के साथ साथ 06 शेड बनाए जाएंगे। शीघ्र ही यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण टेंडर करने जा रही है।

### कांग्रेस में बदलाव की मांग
## सपा और तृणमूल ने कहा, नेतृत्व पर गंभीरता से विचार की जरूरत



**नई दिल्ली।**

सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कांग्रेस पर भाजपा की भाषा बोलने का आरोप लगाया और उसे केंद्र में मोदी सरकार के बने रहने के लिए भी जिम्मेदार ठहराया। तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि अब इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कांग्रेस के पास रहना चाहिए या नहीं। इस बारे में गठबंधन के सभी सहयोगियों को सोचना होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही विपक्षी इंडिया ब्लॉक में कांग्रेस एक बार फिर से अपने सहयोगियों के निशाने पर आ गई है। दो अहम सहयोगियों सपा और तृणमूल कांग्रेस ने बेहतर संभावनाओं के लिए कांग्रेस की जगह किसी अन्य सहयोगी को गठबंधन का नेतृत्व करने देने की मांग की है।

## आरबीआई आज करेगा मौद्रिक नीति पर फैसला




**मुंबई।**

आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुआई में हो रही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की घोषणा शुक्रवार सुबह की जाएगी। विशेषज्ञों ने ऐसी संभावना जताई है कि एमपीसी लगभग पांच साल के अंतराल के बाद रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती का फैसला कर सकती है। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। आरबीआई ने पिछली बार मई, 2020 में कोरोना महामारी के समय रेपो रेट को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआइ ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था।

डीबीएस ग्रुप रिसर्च की वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि एमपीसी रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर लाने के पक्ष में मतदान करेगी।'

## रूसी सेना में फंसे 18 भारतीयों में सबसे अधिक यूपी के नौ लोग, 16 लापता



**नई दिल्ली।**

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि इन 18 भारतीयों में उत्तर प्रदेश के 9, पंजाब और हरियाणा के 2-2, जबकि चंडीगढ़, महाराष्ट्र, केरल, बिहार और जम्मू-कश्मीर से एक-एक नागरिक शामिल हैं। कीर्ति वर्धन ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में अब तक 12 भारतीयों की मौत की पुष्टि हुई है। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में बताया कि रूसी सेना में अभी भी 18 भारतीय नागरिक सेवारत हैं, जिनमें से 16 को रूस की ओर से लापता करार दिया गया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि इन 18 भारतीयों में उत्तर प्रदेश के 9, पंजाब और हरियाणा के 2-2, जबकि चंडीगढ़, महाराष्ट्र, केरल, बिहार और जम्मू-कश्मीर से एक-एक नागरिक शामिल हैं। कीर्ति वर्धन ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में अब तक 12 भारतीयों की मौत की पुष्टि हुई है।

## दिल्ली-यूपी में हल्की पड़ी ठंड, हिमाचल-राजस्थान में चल रही शीतलहर



**नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर में सूरज देवता दिन में जमकर चमकर रहे हैं। हालांकि दिन में चल रही ठंडी हवाओं ने ठंड अभी तक बरकरार रखी है। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में आज हल्का कोहरा छाएगा। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में व्यापक वर्षा हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है। हिमाचल और कश्मीर के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) को पश्चिम अफगानिस्तान और उसके पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जाता है और एक और ताजा डब्ल्यूडी 8 फरवरी से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की उम्मीद है। 6-7 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश और उत्तर-पूर्व असम में छिटपुट हल्की वर्षा/बर्फबारी की गतिविधि होने की संभावना है, 7 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट भारी वर्षा होने की संभावना है। एक और पश्चिमी विक्षोभ के परिणामस्वरूप 8-11 फरवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में छिटपुट हल्की वर्षा/बर्फबारी की गतिविधि होने की संभावना है।जहां तक पारे के स्तर की बात है, इस अवधि के दौरान भारत में अधिकतम तापमान सामान्य के करीब या उससे ऊपर रहेगा, जबकि गुजरात और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से कम तापमान होगा और गुरुवार के बाद मध्य और पूर्वी भारत में इसका विस्तार होगा। इस अवधि के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर रहेगा।

यूरोपीय जलवायु एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि ला नीना विकसित होने के बावजूद इस वर्ष की जनवरी दुनियाभर में सबसे गर्म रिकार्ड की गई।

### वैश्विक तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री से ऊपर रही

कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सीउएस) के अनुसार, जनवरी–2025 में औसत तापमान 13.23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो पिछली सबसे गर्म जनवरी (2024) से 0.09 डिग्री अधिक था और 1991–2020 के औसत से 0.79 डिग्री अधिक था। विज्ञानियों ने यह भी पाया कि जनवरी में धरती का तापमान औद्योगिक काल से पूर्व के स्तर से 1.75 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। पिछले 19 महीनों में से 18 में वैश्विक तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री से ऊपर रही है।

## संपादक की कलम से

### अंततः आयकर कटौती

लंबे अर्से से बढ़ती कीमतों, स्थिर वेतन और करों के बोझ से मध्यम वर्ग वित्तीय दबाव में था। केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों- अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। यह स्थिति उनकी भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। कर राहत के साथ जरूरी है कि मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि हो और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाए। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है। लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? एक अनुमान के अनुसार भारत में आबादी का चालीस फीसदी मध्यम वर्ग के दायरे में आता है। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था मांग की कमी से जूझ रही है। मध्य वर्ग ही वस्तुओं और सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता वर्ग है। उसकी क्रय शक्ति कम होने व बचत नहीं होने से उसकी खरीद क्षमता बाधित हुई है। मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का मानना है कि आयकर में कटौती से बचत और खपत को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मध्यम वर्ग उपभोक्ता, कर्मचारी और सहायक सेवा करने वाले लोगों का नियोक्ता होता है। सरकार मानती है कि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में अप्रत्यक्ष करों में कमी से मांग को ज्यादा बढ़ावा मिल सकता है।



ललित शर्मा
संपादक

उदय किशोर साह

## रोता आया है रोता ही जायेगा

कविता



रोता हुआ आया है
रोते हुए ही जायेगा
तेरे कर्मों का फल
यहीं तुँ ही पायेगा
ये धरती है पावन
पावन ही कहलायेगा
तेरे पापों की काया
गंगाजल भी ना धो पायेगा
जैसा बीज बोया है
वैसा फसल उपजायेगा
झूठे मक्कारी का
मजा एक दिन चख पायेगा
कोई परिजन तुम्हें
बचाने ना आयेगा
पापों की तेरी सजा
कुदरत से आयेगा
तेरी कोई चालाकी
धरा का रह जायेगा
अच्छे कर्म करोगे
तो अच्छा ही पायेगा
बाल गोपाल भी
सलामत रह जायेगा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वक्फ संशोधन विधेयक के आगे बढ़ते सार्थक कदम

पिछले वर्ष 8 अगस्त को लोकसभा में दो विधेयक वक्फ संशोधन विधेयक 2024 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 पेश किए गये थे, जिनका उद्देश्य वक्फ बोर्ड के कामकाज को सुव्यवस्थित करना और वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना था।

इस विधेयक पर चर्चा के लिए बनाई गयी संसद की जेपीसी ने अब लोकसभा अध्यक्ष को सौंप दी है। सरकार जल्द ही यह रिपोर्ट को संसद में पेश कर सकती है। उम्मीद जतायी जा रही है कि मोदी सरकार इसी संसद सत्र में इसे पास करवाकर जल्द से जल्द लागू कराने की तैयारी में है।

दरअसल वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का उद्देश्य वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन करके वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान निकालना है।?संशोधन विधेयक के माध्यम से देश भर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार लाकर पुराने अधिनियम की कमियों को दूर करके, अधिनियम का नाम बदलना, वक्फ की परिभाषाओं को अद्यतन करना, पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार और वक्फ रिकॉर्ड के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ाने जैसे बदलाव हो सकेंगे।

मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 का प्राथमिक उद्देश्य मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को निरस्त करना है, जो औपनिवेशिक युग का कानून है जो आधुनिक भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए पुराना और अपर्याप्त हो गया है। निरसन का उद्देश्य वक्फ अधिनियम 1995 के अंतर्गत वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में एकरूपता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।?

सरकार ने अगस्त में जब इस बिल को संसद में पेश किया था तो विपक्षी सांसदों ने वक्फ संशोधन विधेयक पर असहमति जताकर बड़ा हंगामा किया था। इसलिए मोदी सरकार ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 बिल पर मंथन के लिए संसद की जेपीसी (संयुक्त ससंदीय समिति) का गठन किया, जिसमें सत्ता पक्ष व विपक्ष के दो दर्जन से अधिक सांसद बतौर सदस्य शामिल थे। जेपीसी के चेयरमैन भाजपा सांसद जगदंबिका पाल बनाये गये।

पिछले करीब छह माह में इस संयुक्त ससंदीय समिति ने देश भर में दर्जनों बैठक की और मुस्लिम संगठनों, वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों से चर्चा की। जेपीसी के सदस्यों के साथ भी कई मीटिंग हुई और उनके बिल के पक्ष में अथवा असहमति के विचार जाने गये। विपक्षी दलों से सांसदों ने अपनी आपत्तियां भी लिखित में दीं। लेकिन संयुक्त ससंदीय समिति की अंतिम बैठक में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लेकर आयी सभी आपत्तियों को बहुमत के साथ खारिज कर दिया गया। इस आपत्तियों के पक्ष में कुल 11 मत पड़े थे, जबकि 15 सांसदों ने इन्हें ?खारिज किये जाने के पक्ष में थे।?30 जनवरी, 2015 को जेपीसी की चेयरमैन ने समिति की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस रिपोर्ट को संसद में पटल पर रखेगी और इस बिल को लागू करने की दिशा में आगे कदम बढाएंगी।?

हालांकि विपक्ष इस बिल के विरोध करके अल्पसंख्यक वर्ग के वोटबैंक पर बनाये रखना चाहता है, वहीं मुस्लिम नेता इसके खिलाफ इसलिए हैं कि इस बिल के लागू होने से वक्फ के हाथों से वह सारी संपत्ति चली जाएगी, जिस पर उन्होंने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा है।?वक्फ बोर्ड की हजारों अवैध सम्पत्तियों को वैध बताते हुए ?एक साजिश के तहत देश भर में मुस्लिमानों को बरगलाने का काम किया जा रहा है। वे सरकार पर इस संशोधन बिल की आड़ में मुस्लिमों द्वारा वक्फ को दान में दी संपत्तियों को छीनने की साजिश का आरोप लगा रहे हैं, जब सरकार ने जिस विवास्पद वक्फ संपत्तियों की जांच करायी है, तो अधिकांश सम्पत्ति अवैध व सरकारी जमीनों पर कब्जा होने की सच्चाई सामने आयी है। वक्फ से जुड़े तमाम लोग एक सोची समझी साजिश के तहत भ्रम फैलाकर इस प्रयास में लगे हैं कि किसी भी तरह से यह बिल संसद में पास न हो, लेकिन उनके ये सारी नापाक कोशिशें नाकाम ही हो रही हैं।?सरकार कृत संकल्पित है कि वक्फ बोर्ड की मनमाने रवैयों व अनाधिकृत कृत्यों को खत्म करना है।



श्याम जाजू

इसलिए ?वह वक्फ संशोधन बिल की सख्त आवश्यकता बताती है।

वक्फ संशोधन बिल पर बनी जेपीसी की बैठक में कई बार विपक्षी सांसदो खासकर असदुद्दीन ओवैसी और कल्याण बनर्जी ने उत्पात मचाया। इस कारण ?समिति अध्यक्ष जगदंबिका पाल को विपक्षी सांसदों असदुद्दीन ओवैसी, इमरान मसूद, कल्याण बनर्जी, अरविंद सावंत, नासिर हुसैन, ए राजा, मोहिबुल्लाह नदवी, एमएम अब्दुल्ला, नदीमुल हक, मोहम्मद जावेद को एक दिन के लिए ?समिति से निलंबित तक करना पड़ा था।?भले ही विपक्षी सांसद इस बिल को पास होने से रोकने के लिए कितनी ही कोशिश करें, लेकिन वे अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे। समिति ने इसके पक्ष में अपनी रिपोर्ट पेश करके सरकार के लिए इसे पास कराने की राह आसान कर दी है।

यदि हम भारत में वक्फ का इतिहास के बारे में जाएं तो इसकी शुरूआत दिल्ली सल्तनत के समय हुई थी, जब सुल्तान मुइजुद्दीन सैम गौर ने मुल्तान की जामा मस्जिद को दो गाँव दे दिये थे और इसकी प्रशासनिक जिम्मेदारी शेखुल इस्लाम को सौंपी थी। इसके बाद जैसे-जैसे दिल्ली सल्तनत और बाद में इस्लामी राजवंश भारत में फले-फूले वैसे वैसे वक्फ संपत्तियों की संख्या बढ़ती गई।

19वीं शताब्दी के अंत में भारत में वक्फ को समाप्त करने का मामला तब उठा जब लंदन की प्रिवी काउंसिल में वक्फ संपत्ति पर विवाद हुआ।?भारत औपनिवेशिक शासन के अधीन था। इस मामले की सुनवाई करने वाले तब चार न्यायाधीशों ने वक्फ को खराब और सबसे घातक बताते हुए वक्फ को अमान्य घोषित कर दिया था। लेकिन बाद में भारत में इस निर्णय को स्वीकार नहीं किया गया। 1913 का मुसलमान वक्फ वैधीकरण अधिनियम को लागू कर इन संपत्तियों को कानून द्वारा बचा लिया गया। तब से वक्फ पर अंकुश लगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

वक्फ अधिनियम 1954 - स्वतंत्रता के बाद से वक्फ को और मजबूत किया गया है। 1954 के पारित वक्फ अधिनियम ने वक्फ के केंद्रीकरण की दिशा में एक मार्ग तैयार किया। 1964 में भारत सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम 1954 के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय, सेंट्रल वक्फ काउंसिल ऑफ इंडिया की स्थापना की गई थी। यह केंद्रीय निकाय विभिन्न राज्य वक्फ बोर्डों के अंतर्गत काम की देखरेख करता है, जिन्हें वक्फ अधिनियम 1954 की धारा 9 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत स्थापित किया गया था।

वक्फ अधिनियम, 1995 में वक्फ अधिनियम को मुसलमानों के लिए और अधिक अनुकूल बनाया गया। वक्फ अधिनियम 1995 को भारत में वक्फ संपत्तियों (धार्मिक बंदोबस्ती) के प्रशासन को नियंत्रित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। यह वक्फ परिषद, राज्य वक्फ बोर्ड और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की शक्तियों और कार्यों तथा मुतवल्ली के कर्तव्यों का भी बताता है।?लेकिन वक्फ के असीमित अधिकारों के चलते इससे जुड़े लोगों ने तमाम लोगों की निजी और सरकारी सम्पत्ति क वक्फ की संपत्तियां बताना शुरू किया तो इन संपत्तियों पर लेकर देश भर में विवाद बढे तो केंद्र सरकार को बड़े पैमाने पर शिकायतें मिलीं। इस पर सरकार ने इनकी जांच करवायी गयी तो बहुत ही चौंकाने वाली जानकारी मिलीं। इससे बाद ही सरकार ने वक्फ बिल में संशोधन की आवश्यकता महसूस की और अब इस पर अमली जामा पहनाने की सार्थक पहल स्वागत योग्य है।

वक्फ बोर्ड के पास अपार संपत्तियां हैं। दावा किया गया है कि रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड देश में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये बतायी गयी है। उत्तर प्रदेश और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। राज्य वक्फ बोर्ड का नियंत्रण लगभग 200 व्यक्तियों के हाथों में है और वे खरबों की संपत्ति पर कब्जा किये हुए ?हैं।

वक्फ को संपत्तियों को लेकर जो विवाद हैं उनमें तमिलनाडु तिरुचेंथुरई गांव का मामला भी है। सितंबर 2022 में, तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने हिंदू बहुल तिरुचेंदुरई गांव पर अपना दावा जताया था। इसलिए तमिलनाडु के किसान राजगोपाल ऋण चुकाने के लिए अपनी कृषि भूमि बेचने में असमर्थ थे, क्योंकि वक्फ बोर्ड ने उनके पूरे गांव, तिरुचेंथुरई को अपनी संपत्ति बता दिया था। इस गांव को ऐतिहासिक रूप से 1956 में नवाब अनवरदीन खान ने वक्फ के रूप में दान किया था। बेंगलुरु ईदगाह मैदान मामले में भी इसे 1850 के दशक से वक्फ संपत्ति बताया गया।

वर्तमान में वक्फ बोर्ड देश भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8 लाख 70 हजार संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिसका अनुमानित मूल्य 1 लाख बीस हजार करोड़ रुपये है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी वक्फ संपत्ति है। इसके अलावा सशस्त्र बलों और भारतीय रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड भारत में सबसे बड़ा भूस्वामी है।

वक्फ बोर्ड के अंतर्गत 3,56,051 वक्फ संपत्तियां पंजीकृत हैं,जबकि वक्फ बोर्ड के अंतर्गत 8,72,328 अचल संपत्तियां पंजीकृत हैं। वक्फ बोर्ड के अंतर्गत 16,713 चल संपत्तियां पंजीकृत हैं। वक्फ बोर्ड के पास अब तक 3,30,000 डिजिटाइज्ड रिकॉर्ड हैं।

मंत्रालय को मुसलमानों और गैर-मुसलमानों से वक्फ भूमि पर अतिक्रमण और वक्फ संपत्तियों के कुप्रबंधन जैसे मुद्दों से संबंधित अप्रैल 2023 से प्राप्त 148 शिकायतें ज्यादातर अतिक्रमण, वक्फ भूमि की अवैध बिक्री, सर्वेक्षण और पंजीकरण में देरी और वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों के खिलाफ मिलीं।

मंत्रालय ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली - सीपीजीआरएएमएस पर प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण करने में पाया कि 566 शिकायतों में से 194 शिकायतें अवैध रूप से वक्फ भूमि के अतिक्रमण और हस्तांतरण से संबंधित थीं और 93 शिकायतें वक्फ बोर्ड और मुतवल्लियों के अधिकारियों के खिलाफ थीं।

नये संशोधन बिल से वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद के गठन मे पारदर्शिता, मुतवल्लियों को मिली शक्तियों का दुरुपयोग रोकना, मुकदमेबाजी और कुप्रबंधन पर अकुंश लग सकेगा।?

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल



ललित गर्ग

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।



हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है।

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है।

# भारतीय किसान यूनियन सुनील ने किया तहसील के घिराव, दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** 6 फरवरी 2025 को भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं पदाधिकारियों ने गोवर्धन विधानसभा के किसानों के साथ गोवर्धन तहसील का घेराव किया व ज्ञापन सोपा। राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान के नेतृत्व में किसान जय जवान जय किसान किसानों को न्याय दो के गगन भेदी नारे लगाते हुए गोवर्धन तहसील पहुंचे, तहसील में धरने पर बैठ गए 2 घंटे तक कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं आया, उसके बाद भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओ ने ऐलान किया 1 घंटे में कोई अधिकारी धरना स्थल पर नहीं आया तो पूरे तहसील में तालाबंदी की जाएगी। इसके 5 मिनट बाद ही एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार धरना स्थल पर पहुंच गए, किसानों की सभी बातें मानी भू माफियाओं से चक रोड खाली करने के आदेश दिए। जिसके बाद भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता धरना स्थल से हटे।

भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुवेर्दी, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव ने कहा गोवर्धन तहसील के गांव बछगाव में भू माफियाओं द्वारा किसानों के चक रोड को घेर रखा है, भू माफियाओ ने किसानों का रास्ता बंद कर दिया है, लेकिन तहसील के अधिकारी कर्मचारी इस और ध्यान नहीं दे रहे। पूर्व में हुई बरसात से गोवर्धन तहसील में किसानो की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी लेकिन अभी तक किसी भी किसान का मुआवजा नहीं दिया गया, बछगाव में जल भराव से जिन किसानों की फसल नष्ट हुई थी उनको तत्काल मुआवजा दिया जाए, जिन भू माफियाओं ने किसानों के चक रोड को घेरा है उन पर कार्रवाई की जाए, सौख से बछ गांव तक ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग को बनवाया जाए। किसान जब अपने काम के लिए तहसील जाते हैं तो किसानों को कोई भी कर्मचारी तहसील में नहीं मिलता किसानों को सिर्फ दलालों से मिलना पड़ता है, हर कर्मचारी ने अपना एक प्राइवेट कर्मचारी लगा रखा है जो बिना सुविधा शुल्क के कोई भी काम किसानों के नहीं करते।

इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी, जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान, आगरा मंडल अध्यक्ष नीरज प्रधान, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन श्याम पाठक, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बालकृष्ण दीक्षित, नगर अध्यक्ष मथुरा शिवा बघेल, राजू चौधरी, मेंबर सिंह, बच्चू सिंह, देवेंद्र पहलवान, कर्मवीर सिंह, जीतू, रिशिपाल, जितेंद्र, लेखराज, महेश, रतनी हवलदार, विष्णु प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## राइका बोहाला के छात्रों को झिरोली थानाध्यक्ष ने यातायात नियमों की जानकारी देकर किया जागरूक

**बागेश्वर।** सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत थानाध्यक्ष झिरौली मनवर सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ राजकीय इंटर कॉलेज बोहाला में स्कूली छात्र/छात्राओं व स्टाफ को सड़क सुरक्षा माह₹ के अंतर्गत यातायात के नियमों से अवगत कराते हुए नियमों का पालन करने की अपील की गई। व दुर्घटना में घायलों की मदद कर नेक व्यक्ति बनने की जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त नशे के सेवन व व्यापार से होने वाले दुष्परिणामों, बाल अपराध, महिला अपराध व सुरक्षा, गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्प लाइन नम्बर डायल 112, 1090, 1030 के सम्बन्ध में जानकारी देकर बताया गया कि अपनी शिकायत निःसंकोच पुलिस को बताएं पुलिस द्वारा हर सम्भव आपकी सहायता की जाएगी। थानाध्यक्ष मनवर सिंह ने छात्रों के संवाद करते हुए छात्रों को कानूनी जानकारी के साथ जीवन मे उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार,दिगपाल मेहता,सतीश चंद, आनन्द कुमार, मुकुल बगडवाल, महावीर गड़िया, राधेश्याम,चतुर आर्या, पंकज कन्याल सहित अन्य शिक्षक और छात्र मौजूद थे।

# आवंटित धनराशि को समय से शत फीसदी खर्च करें सभी विभागः डीएम



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने वृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं में विभागों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने व अवमुक्त धनराशि को शत प्रतिशत व्यय करने के निर्देश विभागों को दिए। कहा कि विभाग कार्यदायी संस्थाओं से निर्माण कार्यो की रिपोर्ट लेते हुए उनका सत्यापन करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यो का स्वंय निरीक्षण व सत्यापन कर लें ताकि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ ही समयबद्धता के साथ पूर्ण हो सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने धरातल पर चालू एवं पूर्ण निर्माण कार्यों के सत्यापन के लिए गठित टास्क फोर्स अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर विकास कार्यो का सत्यापन कर आंख्या अर्थ एवं संख्या विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला योजना में आवंटित धनराशि को प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवशेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश विभागों को दिए। बीस सूत्री कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने को कहा। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने दिनेश रावत ने बताया कि वित्तीय वर्ष में जिला योजना के अंतर्गत अवमुक्त धनराशि 5962.90 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 82.09 प्रतिशत धनराशि व्यय कर ली गई है। राज्य सेक्टर में 18570.64 लाख के सापेक्ष 78.22 प्रतिशत व केन्द्र पोषित में 12104.53 लाख के सापेक्ष 90.69 प्रतिशत धनराशि विभागों द्वारा व्यय की गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, ईई लोनिवि संजय पांडे, एके पटेल, सिंचाई केके जोशी, जल संस्थान डीएस देवडी, जिल निगम वीके रवि समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## वन आरक्षियों ने काला फीता बांधकर जताया आक्रोश



**बागेश्वर।** उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली 2016 को पुनः लागू करने व सीधी भर्ती रोकने आदि मांगों को लेकर वन आरक्षियों ने अपने कार्यालयों में काला फीता बांधकर विरोध जताया। कहा कि यदि मांग न मानी गई तो चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रांतीय संघ के आहवान पर वन आरक्षी संघ के जिला अध्यक्ष श्याम सिंह चम्याल के नेतृत्व में इकाई ने काला फीता बांधकर प्रदर्शन किया। कहा कि लंबे समय से उनके द्वारा अपनी मांगों को लेकर शासन से वार्ता की जा रही है तथा ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, परंतु उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।अपनी लंबित मांगो को लेकर पूर्व में भी आंदोलन के बाद सरकार द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी की गई है। कहा कि यदि इस बार भी उनकी मांगें नहीं मानी तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।वही कर्मियों ने काला फीता बांधकर विरोध जताते हुए विभागीय कार्य किए। इस दौरान चंदन राम, कविता कठायत, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, प्रवीण कपकोटी, जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सट्टे की खाई-बाडी में एक अभियुक्त गिरफ्तार



**मुरसान।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ-सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना मुरसान पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाई-बाडी करते हुये एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे 780 रुपए नगद व पर्चा सट्टा बरामद हुए है ।अभियुक्त सुरेशचन्द पुत्र लीलाधर निवासी आर्यसमाज रोड कस्बा व थाना मुरसान जनपद हाथरस की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मुरसान पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ममता सिंह व मय टीम शामिल हैं।

# मथुरा के कलेक्टर बंगला की है रोचक गाथा

वेलकम इंडिया

■ कलक्टर बंगला में हुई बैठक के बाद बागी बन गये थे राजा महेन्द्र प्रताप



मथुरा का "कलेक्टर बंगला"

**मथुरा।** यह अगस्त 1914 की बात है। प्रथम विश्व युद्ध छिड़ चुका था। 1909 में स्थापित देश के पहले पॉलिटेक्निक प्रेम महाविद्यालय वृन्दावन में कमिश्नर आगरा विद्यालय के विद्यार्थियों को पारितोषक वितरण के लिए आये थे। समारोह के आयोजक व स्वागतकर्ता राजा महेन्द्र प्रताप ने इस अवसर पर दिये अपने व्याख्यान में कहा कि ₹अन्याय को समाप्त करके हमें उसके स्थान पर न्याय को स्थापित करना है।₹ समारोह की समाप्ति पर उन्हें कमिश्नर ने दूसरे दिन प्रातःकाल मथुरा आकर मिलने के लिए कहा जहाँ वह इसी चित्र में दिख रहे बंगले में जिला कलेक्टर के साथ ठहरे हुए थे।

विश्व युद्ध में सक्रिय रूप से भाग लेने की इच्छा राजा साहब पहले ही व्यक्त कर चुके थे। उनको विश्वास था कि कमिश्नर उन्हें भारत की सुरक्षा के लिए भारत में ही एक इकाई स्थापित करने का सुझाव देंगे परन्तु राजा महेन्द्र प्रताप ने उन्हें अपनी अपेक्षाओं और आंकाक्षाओं के विरूद्ध एक कठोर व विमुख व्यक्ति के रूप में पाया।

कलेक्टर जी०आर० डैम्पियर के मृदुल स्वभाव में भी बहुत परिवर्तन दिखायी दिया जिन्हें राजा साहब अपना एक व्यक्तिगत मित्र समझते हुए अपना सम्मान प्रकट करने आये थे। कमिश्नर ने सरकार के प्रति अपनाये गये उनके वैय्ये के बारे में शिकायत करना प्रारम्भ कर दिया। इस विषय में अपनी स्थिति स्पष्ट करते समय युवा राजा साहब भी थोड़ा उत्तेजित हो गये। कमिश्नर से हुई उनकी ये भेंट उनके जीवन में बड़ी निर्णायक सिद्ध हुई और राजा महेन्द्र प्रताप की सहानुभूति निर्णायक रूप से उन जर्मनों के प्रति पैदा हो गई जो उस गन्दे अंग्रेजी साम्राज्य से लड़ रहे थे। राजा साहब ने कुछ दिन बाद पासपोर्ट के लिए मथुरा कलेक्टर के यहाँ आवेदन दिया जो वहाँ लटका दिया गया और राजा साहब बिना पासपोर्ट के ही भारत से अगले 32 साल विदेश में रहकर अंग्रेजी शासन से लड़ने हेतु बम्बई के रास्ते पानी जहाज द्वारा निकल गये।

19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में मथुरा के सबसे धनाड्य, दानी व लोकहित साधक सेठ लक्ष्मीचन्द थे जिनकी ₹मनीराम लक्ष्मीचन्द₹ बैकिंग फर्म की न केवल पूरे उत्तर-पश्चिम प्रांत में बल्कि पूरे हिन्दुस्तान में वित्तीय तूती बोलती थी। इसकी शाखायें बम्बई, कलकत्ता व दिल्ली में तो थीं ही साथ ही कश्मीर से कन्याकुमारी तक ₹मथुरा सेठ₹ की मोहर लगी किसी भी धनराशि की सिक्योरिटीज ₹बैंक ऑफ इंग्लैंड नोट₹ के रूप में लंदन व पेरिस में भी मान्य व स्वीकार्य थीं। 45 लाख रुपए की लागत से उस जमाने में वृन्दावन में ये सेठ मंदिर भी बनवा दिये थे, जिसे आम बृजवासी ₹सेठजी का मंदिर₹ या ₹लाला बाबू का मंदिर₹ नामों से जानता है। 1857 के सैनिक विद्रोह के समय सेठ लक्ष्मीचन्द ने ब्रिटिशर्स की बहुत मदद की थी। कलेक्टर मथुरा व अन्य यूरोपियन्स को अपने बंगले में सुरक्षित ठहराकर उनकी अनुपस्थिति में उन्होंने सरकारी खजाना संचालित किया ओर शहर में लोक व्यवस्था भी कायम रखी थी। इनकी इस मदद के पुरूस्कार के रूप में ब्रिटिश शासन ने इन्हें ₹राव बहादुर₹ की उपाधि तथा 3,000/- रू० की खिलत प्रदान की थी। उन्हें तमाम गाँव जींदारी में बिना लगान के दे दिये थे जिनसे 16,125/-रू० की वार्षिक आय होती थी।

प्रशासनिक नियंत्रण की दृष्टि से 1832 में मथुरा को ब्रिटिश सरकार से एक स्वतंत्र जिला मुख्यालय की मान्यता मिली थी। उस दौर में शहर वृन्दावन, डीग, भरतपुर व आगरा (होली गेट) गेटों से घिरे एरिया तक सीमित था। शहर व सिविल लाइंस के बीच कैंटोनमेंट एरिया था। सिविल स्टेशन की ज्यादातर जमीन इन्हीं धनाड्य व उदार सेठों की थी। यहाँ के भवन बड़े व विस्तृत आकार वाले थे। इसी एरिया में 1857 के सैनिक विद्रोह के तत्काल बाद एक शानदार व खूबसूरत शिल्प व वास्तु संरचना वाला भवन तैयार हुआ जिसे तब से आज तक कलेक्टर हाउस के रूप में जाना जाता है। आगरा रोड़ के दूसरी ओर कोर्ट हाउस (कलेक्ट्रेट) 1861 में बनकर पूर्ण हुआ था। महानुभावों के मथुरा दौरे पर आने पर ठहरने हेतु तहसील गेट (कलेक्ट्रेट के पास ही) पर एक बिल्डिंग बनायी गयी जिसमें शिल्प व नक्कासी की खूबसूरती ज्यादा ओर आवासीय सुविधायें कम थीं। यह 1874 तक ऐसे ही बिना उपयोग हुए खड़ा रहा, तभी इसे म्यूजियम बनाने का निर्णय हुआ जो 1881 में फलीभूत हो पाया जब मूर्तियाँ रखकर म्यूजियम के रूप में विजिटर्स के लिए इसे खोला गया।

बंगाल सिविल सर्विस के अधिकारी एफ०एस० ग्राउस मथुरा में 1872 से 1877 तक कलेक्टर रहे। वे एक ऐसे ब्रिटिशर थे जो बृजभाषा, हिन्दी, संस्कृत को न केवल समझ, बोल व लिख सकते थे बल्कि बृज की लीलाओं, त्योहारों व मेलों में जोश-खरोश से स्थानीय लोगों के साथ प्रतिभाग करते थे। उन्हें भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास के साथ पुरातत्व का भी गहन ज्ञान था।

# निराश्रित गौ वंश, जंगली सूअर आलू की फसल कर रहे हैं बर्बाद, किसान चिंतित

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** निराश्रित गौवंश, जंगली सूअर आलू की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। भाकियू चढ़ूनी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने बताया कि निराश्रित गौ वंश ने उनकी एक एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया है।

श्री तोमर ने बताया कि निराश्रित गौ वंश ही किसानों के दुश्मन नहीं बने हैं, जंगली सूअर भी फसल को खराब कर रहे हैं। महंगे बीज, खाद, डीजल कीटनाशक और बढ़ती लागत से किसान परेशान हैं उस पर निराश्रित गौ वंश जंगली जानवर नुकसान कर रहे हैं। बेचारे किसान की एक नन्नी सी जान और हजार दुश्मन।

भाकियू चढ़ूनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, मंडल महासचिव रमेश चंद्र सिकरवार, प्रदेश सचिव सतीश चन्द्र बिल्ला सिंह ने कहा है कि गौवंशी समस्या न सुलझी तो प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि निराश्रित गौ वंश किसानों के खून पसीने से सींची फसल को बर्बाद कर रहे हैं और किसान अपनी बबार्दी पर कुछ नहीं कर पा रहा है।

मुख्यमंत्री ने छुट्टा गौ वंश को पकड़वाने और गौ शालाओं में भेजने का निर्देश दिया है उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी संवेदनशील नहीं हैं, समस्या समाधान नहीं कर रहे। किसान जगमोहन सोलंकी, कुंतभोज रावत, ओमवीर , भूले सिंह, अशोक , प्रताप सिंह , रवि सिकरवार, नेत्रपाल बोहरे, सोनवीर सिंह तोमर, हरिपाल सिंह परिहार हरिओम सिंह, जयपाल सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री से जंगली सुअरों और निराश्रित गौवंश को पकड़वाने की मांग की है।

# धूराफाट क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल से परेशान ग्रामीण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** धूराफाट क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी की किल्लत होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शासन व प्रशासन से मांग करने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।पानी की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नही हो पाने से पेयजल उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत झेलनी पड़ रही है।वही क्षेत्र में इससे जलजीवन मिशन योजना भी पभावित हो रही है। उन्होंने शीघ्र पम्पिंग पेयजल योजना संचालित किए जाने की मांग की है।

ग्रामीण दीवान सिंह असवाल,पान सिंह असवाल, हयात सिंह, हरीश सिंह,बालम सिंह रावत, जीवन सिंह, ने बताया कि गांवों की पेयजल समस्यादूर करने के लिए सरयू नदी में धूराफाट पेयजल योजना का निर्माण किया गया था। यह योजना बनने के बाद से ही पम्पिंग योजना की उचित देखरेख और संचालन के अभाव में योजना आए दिन बाधित रहती है जिससे क्षेत्रवासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था पम्पिंग योजना से संचालित होती है। जबकि योजना बनने के बाद भी सरयू नदी के बेस ट्यूबबेल टैंक के पम्प में आए दिन मोटर खराब होने सहित अन्य दूसरे पम्पों के मोटर में खराबी आ जाने से मुख्य वितरण टैंक तक पर्याप्तमात्रा में पानी की सप्लाई नही हो पाती है।

विभाग द्वारा पेयजल लाइन की देखरेख और संचालन के लिए ठेकेदारी प्रथा द्वारा योजना की देखरेख की जाती है।वही पेयजल योजना के स्त्रोत के दूसरी ओर सरयू नदी में जल विद्युत परियोजना का कार्य चल रहा है जिससे नदी में खनन कार्य होने से नदी का बहाव बदल गया है।

कहा कि इस संबंध में कई बार ग्रामीणों द्वारा विभाग के साथ ही प्रशासन से आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने व नई मशीनें लगाए जाने की मांग की परंतु विभाग व प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे योजना के तहत शामिल गांव असों, पाना, रैखोली, सिया, बौड़ी, तरमोली, नंदीगांव, कभड़ा, कठपुडियाछींना, एरियगाड,बोहाला आदि गांवों में पानी की किल्लत बनी हुई है। इधर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता सीएस देवड़ी ने बताया कि नदी का बहाव बदलने के कारण स्त्रोत पर दिक्कतें आ रही हैं जिसे सही करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई आगामी त्योहारों को मनाये जाने हेतु बैठक

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु बैठक आयोजित की गई ।जिलाधिकारी ने आगामी संत रविदास जयंती/शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए वार्ड मेंबर्स/मौलवी/धर्मगुरु को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद में त्यौहारों को मनाए जाने की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने इस परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आनंद के वातावरण में आपसी भाई चारे एवं एक ₹दूसरें की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए परम्परागत तरीके से त्योहार मनाने को कहा। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहार के दौरान विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति बनाए रखने हेतु अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के मुख्य रास्तों जहां से शोभा यात्राएं/शब-ए-बारात निकाली जाएगी, के आस-पास एवं महाशिवरात्रि के दौरान कावड़ यात्रियों के रास्तों पर विशेष रूप से मौके का निरीक्षण कर ढीले एवं लटके हुए विद्युत तारों को ठीक करा दिया जाए।



उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि में कावड़ मार्ग की व्यवस्था बनाते हुए सुरक्षित एवं सुचारू संचालन हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने विभागीय कार्यो से सम्बंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय रहते आवश्यकतानुसार ठीक करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी से उनके क्षेत्र में संत रविदास जयंती/शब-ए-बारात बरात, महाशिवरात्रि के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं शांति समिति की स्थानीय बैठकों आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।संत रविदास जयंती के आयोजकों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा कि त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए यद्यपि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित किसी भी आशंका की स्थिति में वे स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संत रविदास जयंती के दौरान डीजे की उचाई ज्यादा न रखे एवं तेज ध्वनि/वाईब्रेटर ध्वनि का उपयोग न किया जाए एवं शांति के साथ संत रविदास जयंती निकली जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी संसाधनों के साथ पर्याप्त पुलिस बल एवं सोशल मीडिया टीम पूरी तरह से सक्रिय रहेगी फिर भी किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले को कतई बख्शा नहीं जाएगा एवं उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत आग बुझाने वालें संसाधनों, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि यात्राओं के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा जनक गतिविधि न की जाए ।उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अराजक तत्वों पर निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए पाबन्ध किया जाए, सार्वजनिक जगहो/सड़कों पर द्वार न बनाया जाए जिससे अवागमन बाधित हो, सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत फोटोग्राफी/वीडियों ग्राफी भी कराई जाए। जुलुस के साथ अनिवार्य रूप से पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और सभी तैयारियों की समीक्षा पहले से ही कर ली जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर , उप जिलाधिकारी गढ़, उप जिलाधिकारी धौलाना , समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, सीओ यातायात, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित सम्बंधित अधिकारी एवं वार्ड मेंबर्स तथा धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार ने कपड़ा, चीनी, दूध, दही पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाकर देश व प्रदेश में महंगाई को बढ़ाने का काम किया है: बजरंग गर्ग

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार।** व्यापारी प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में केंद्र सरकार द्वारा बार-बार जीएसटी की दरों में बढ़ोतरी करने पर नाराजगी प्रकट की। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आम जरूरत के समान पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। जब से देश आजाद हुआ है तब से अब तक कपड़ा, चीनी, दूध, दही पर कोई टैक्स नहीं था मगर सरकार ने इन पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया है।

बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू करते समय कहा था कि देश में जीएसटी के तहत एक ही टैक्स होगा लेकिन सरकार ने 5, 12, 18 व 28 प्रतिशत चार प्रकार के टैक्स लगाकर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। यहां तक कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी लागू करने के बाद अनाज पर मार्केट फीस समाप्त करनी थी वह भी खत्म नहीं की है, जो सरासर गलत है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा है कि जीएसटी में टैक्सों की दरें कम करके सिर्फ दो स्लैब करने की जरूरत है जबकि केंद्र सरकार ने भी जीएसटी में सलीकरण करके टैक्स कम करने की बात कही थी मगर केंद्र सरकार ने केंद्रीय वार्षिक बजट में किसी प्रकार की जीएसटी में रियायतें ना देने से व्यापारी व आम जनता में भारी नाराजगी हुई है।

बजरंग गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश के व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता को केंद्रीय वार्षिक बजट में जीएसटी में टैक्स की दरें कम करने की काफी उम्मीद थी। केंद्र सरकार ने जिन वस्तुओं पर टैक्स नही था उस पर टैक्स लगा दिया और जिन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत वेटकर था उस पर 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया। जिसके कारण देश व प्रदेश के व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। देश में खाद्य वस्तुएं व हर जरूरत का समान पहले से लगभग दो गुणा से ज्यादा महंगा हो गया है ।इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव रमेश खुराना, रोहतक जिला प्रधान पंकज सचदेवा, व्यापार मंडल घड़ी एसो के प्रदेश संयोजक गौरव मित्तल, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल हिसार, झज्जर जिला प्रधान सुभाष गुज्जर, हिसार जिला प्रधान पवन गर्ग, प्रदेश उप प्रधान राहुल जैन, कमलेश चहल, राजीव अत्री, प्रेम आहूजा, सुनील कुमार, गुलशन गिरधर, जितेंद्र कुमार, महेश आहूजा, संजय सोनी, राजकुमार आहुजा, राम जी गहलोत, राजकुमार जिंदल, प्रिंस साहनी, प्रवीण वधवा आदि व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# विधायक ने किया अन्त्येष्टि स्थल का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

**वेलकम इंडिया**



**बेलहर(संतकबीरनगर)।** विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने प्रमुख बेलहर भूपेंद्र सिंह तथा एडीओ पंचायत पंकज सिंह के साथ गुरुवार को विकास खण्ड बेलहर की ग्राम पंचायत छितरापार के राजस्व गांव भिटवा में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया ।इस दौरान विधायक ने कहा कि इस अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण की मांग एक लंबे समय से चली आ रही थी ।अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण से लोगों को अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में काफी सहूलियत मिलेगी।

उन्होंने अपनी सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जमकर बखान भी किया ।अंत्येष्टि स्थल पर शवों के दाह-संस्कार के लिए दो शेड चबूतरा, एक शांति स्थल, शव स्नान गृह, एक स्टोर रूम के अलावा बाथरूम व शौचालय का निर्माण कराया जाना है ।पानी की व्यवस्था के लिए पानी की टंकी लगनी है ।लोंगो के बैठने के लिए बेंच भी बनाई जाएगी।

विधायक ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस स्थान को सुविधायुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के लिए आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे ।यह अंत्येष्टि स्थल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा जिसकी लागत लगभग तीस लाख पचास हजार रुपए आएगी। विदित हो कि ग्राम प्रधान गुलाम अनवर गुडडू के प्रयास से भिटवा चौराहे से सटे अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण संभव हुआ है ।प्रधान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें ।इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि इस अंत्येष्टि स्थल के निर्माण से क्षेत्र की एक बड़ी समस्या का समाधान होगा।

कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत पंकज सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, देवेश गोस्वामी, इंजीनियर पंकज वर्मा, बीडीसी सदस्य सत्यनारायन जुगानू, प्रधान सैय्यद मो०दानिश, ब्लाक अध्यक्ष ध्रुवचंद कन्नौजिया, परशुराम गौंड, दयाराम जायसवाल, गोविंद लाल, रामकेश जायसवाल, रामकुमार जायसवाल, संजय कुमार, प्रदीप यादव सहित कई ग्राम पंचायतों के प्रधान तथा गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर, दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना भोजीपुरा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम मझौआ, थाना भोजीपुरा निवासी गीता मौर्य पत्नी लीलाधर मौर्य ने 5 फरवरी 2025 को थाना भोजीपुरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। इस घटना को लेकर गीता मौर्य ने थाना भोजीपुरा में बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना करते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई की और गुरुवार सुबह 05:10 बजे ब्रजगंगा स्कूल मझौआ रोड तिराहे से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम राजपाल पुत्र गंगाराम गंगवार वा अतुल पुत्र सर्वेश गंगवार निवासीगण ग्राम फरीदपुर जागीर, थाना भोजीपुरा बताया। गिरफ्तार अभियुक्त राजपाल ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने 2 फरवरी 2025 की रात कुनाल कोठी के पीछे मझौआ रोड स्थित एक घर से दो मोबाइल फोन चुराए थे। चोरी के बाद उसने एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल अतुल को बेच दिया था।

# चेकिंग करने गई विद्युत विभाग की टीम ने एक व्यक्ति की तोड़ी छत

**कांधला।** क्षेत्र की नई बस्ती में बिजली चोरी की रोकथाम करने के लिए चेकिंग करने गई टीम ने एक व्यक्ति की कच्ची दीवार पर कुद कर छत का मलबा गिरा दिया पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे की नई बस्ती निवासी इस्लाम ने बताया कि गुरुवार को विद्युत विभाग की टीम बिजली चोरी करने के शक में पड़ोस की एक विधवा महिला के मकान पर छापेमारी करने के लिए गई थी। आरोप है कि विद्युत विभाग की टीम छत के रास्ते विधवा के मकान में जाने का प्रयास कर रही थी तभी विद्युत विभाग की टीम ने पीड़ित की छत पर कूद कर सीमेंट की दीवार से बनी छत तोड़ दी और मलबा गिरा दिया। विद्युत विभाग की टीम पीड़ित की छत तोड़कर मौके से फरार हो गई। विद्युत टीम के द्वारा किए गए कारनामे से पीड़ित का परिवार चोटिल होने से बाल-बाल बच गया ।पीड़ित का कहना है कि विद्युत विभाग की टीम के द्वारा उसका हजारों का नुकसान कर दिया गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर आरोपी विद्युत कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# एक होमगार्ड की जंगली सूअरों के हमले से हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना भमोरा क्षेत्र के सिरोही गांव में जंगली सूअरों के हमले से एक होमगार्ड की दर्दनाक मौत हो गई। 45 वर्षीय मुनेंद्र पाल सुबह खेत में पानी लगाने गए थे, तभी सूअरों के झुंड ने उन पर अचानक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुनेंद्र को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के मुताबिक मुनेंद्र पाल रोज की तरह सुबह खेत पर गए थे। जैसे ही वे खेत में पहुंचे, जंगली सूअरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के किसान दौड़े, लेकिन तब तक सूअर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर चुके थे। खून से लथपथ हालत में मुनेंद्र को तुरंत सीएचसी केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुनेंद्र की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का एक बेटा है, जो परिवार का इकलौता सहारा है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगली जानवरों के आतंक को रोका जाए, ताकि आगे कोई और इस तरह की घटना का शिकार न हो।

जिले में पहले ही बंदरों, आवारा कुत्तों और सांडों का आतंक बढ़ता जा रहा था, लेकिन अब जंगली सूअरों ने भी जानलेवा हमले शुरू कर दिए हैं। आए दिन किसान से लेकर शहर के लोग इन जानवरों के हमले का शिकार हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगली जानवरों को नियंत्रित करने के लिए उचित कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

# लूट और चोरी की वारदातों में शामिल तीन शातिर बदमाशों को सीबीगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना सीबीगंज पुलिस ने लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए अपराधियों के कब्जे से लूटे गए पांच मोबाइल फोन, दो अवैध चाकू और एक चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई है। ये आरोपी राह चलते लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाकर उनके मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे। मामला 6 जनवरी 2025 का है, जब अटरिया निवासी प्रेमलता कोचिंग सेंटर से पैदल घर लौट रही थीं। तभी विमको फैक्ट्री के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने उनका मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। इस वारदात के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना सीबीगंज पुलिस ने बंडिया नहर के पास बिजली घर के पास तीन आरोपियों को घेराबंदी कर धर दबोचा।

पुलिस ने इनके पास से लूटे गए मोबाइल फोन, दो चाकू और एक स्प्लेंडर प्रो बाइक (नंबर यूपी-25 एके-9623) बरामद की, जो थाना कोतवाली क्षेत्र से चोरी की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजा उर्फ अमन तिवारी पुत्र सुलभ तिवारी, निवासी छावनी अशरफ खां, थाना इज्जतनगर, बरेली (मूल निवासी मचुआपुर, थाना बरखेड़ा, पीलीभीत), अर्जुन वाल्मीकि पुत्र काशीराम वाल्मीकि, निवासी गांधीनगर, थाना शाही, सुनील पुत्र सुखलाल, निवासी पंतनगर, कस्तूरबा स्कूल के पास, थाना शाही के रूप में की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे तीनों राह चलते महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाते थे।

मौका देखकर मोबाइल छीनते और भागने के लिए चोरी की बाइक का इस्तेमाल करते थे। 4 जनवरी 2025 को विमको फैक्ट्री के पास से छिना गया मोबाइल भी इन्हीं बदमाशों ने लूटा था। 4 दिसंबर 2024 को इन्होंने जिला अस्पताल बरेली से स्प्लेंडर प्रो बाइक चोरी की थी। इसी बाइक से ये लोग वारदात को अंजाम देते थे और चाकू दिखाकर लोगों को डराते थे।

# दो युवकों के निधन पर जंयत चौधरी ने दी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव किवाना में बीते दिनों दो युवकों के आकस्मिक निधन पर संवेदना प्रकट करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं मुजफ्फरनगर से राष्ट्रीय लोक दल भाजपा गठबंधन मंत्री अनिल कुमार ने पहुंचकर मृतक दोनों युवको के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

विकास खंड क्षेत्र के गांव किवाना निवासी आरएलडी नेता बिजेंद्र मलिक के 20 वर्षीय पुत्र आर्यन मलिक की बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। युवक के आक्समिक निधन पर परिजनों में कोहराम मच गया था ।और क्षेत्र के लोगों ने संवेदना प्रकट करते हुए परिवार के साथ दुख साझा किया था। दूसरी और गांव के पूर्व प्रधान नंदकुमार के 25 वर्षीय पुत्र सोनू उर्फ सुनील ने अपने दादा के साथ कहासुनी होने पर नाराजगी दिखाते हुए क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर पटरी स्थित एक बाग में जाकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

गांव में दो युवकों की मौत से शौकः की लहर दौड़ी हुई थी। गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से गठबंधन मंत्री अनिल कुमार अपने काफिले के साथ गांव में पहुंचे और परिवार के साथ दुख साझा करते हुए संवेदना प्रकट की। दोनो मृतको के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आरएलडी अध्यक्ष अपने काफिले के साथ जलालाबाद के लिए रवाना हो गए। आरएलडी अध्यक्ष के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। इस दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रभात तोमर, विजय कौशिक, डॉ विक्रांत जवाला, पूर्व विधायक राव वारिस, सतवीर पवार सहित आदि मौजूद रहे।

## परचून की दुकान की दीवार तोड़कर सामान चोरी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी के एक ग्रामीण की परचून की दुकान की दीवार तोड़कर चोरों ने हजार रुपए की नगदी वह कीमती सामान चोरी कर लिया पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी ईषभ कुमार ने गांव के बस अड्डे पर परचून की दुकान खोल रखी है। पीड़ित का कहना है कि वह परचून की दुकान से अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण करता है बुधवार की देर रात वह अपनी दुकान बंद कर अपने घर आ गया था। गुरुवार सवेरे जैसे ही वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान की दीवार टूटी हुई थी और दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने अपनी दुकान का गल्ला चैक किया तो उसे हजारों की नगदी एवं दुकान से लगभग चालीस हजार रुपए का सामान चोरों ने चोरी कर लिया।

# 7 से 14 फरवरी तक प्रेमी युगल मिले तो बनवाया जाएगा रक्षाबंधन: रोहित गंगवार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने कहा है कि 7 फरवरी से 14 फरवरी तक किसी भी सिनेमाघर, कॉफी शॉप मॉल या पार्क में प्रेमी युगल मिले तो उनके हाथ पर राखी बांधकर रक्षाबंधन बनवाया जाएगा, रोहित गंगवार के इस बयान से प्रेमी युगलों में आक्रोश व्याप्त है लेकिन रोहित गंगवार ने इस मुद्दे को लेकर कहा है कि प्रेमी जोड़े से कहा जाएगा कि अगर आप भाई बहन नहीं है तो फिर आपका क्या रिश्ता है अगर आपका कोई रिश्ता नहीं है और आप दोनों दोस्त हैं तो दोस्त भाई बहन भी हो सकते हैं भाई बहन का रिश्ता कोई गंदा रिश्ता नहीं है सबसे पवित्र रिश्ता है उसको स्वीकार कीजिए और राखी बनवाइए अगर आप गर्लफ्रेंड या बॉयफ्रेंड है तो वह भारत में अब नहीं चलेगा, क्योंकि यह भारतीय संस्कृति नहीं है भारत में भारतीय संस्कृति के खिलाफ जो भी जाएगा हम उसके खिलाफ पूर्व से आंदोलन कर रहे हैं और करते रहेंगे। इसलिए बरेली के सभी प्रेमी जोड़ों से आग्रह है कि आप लोग आने वाली 7 फरवरी से 14 फरवरी वैलेंटाइन डे तक हमारे संगठन द्वारा बताए गए किसी भी स्थान पर ना जाएं अगर प्रेमी युगल बताए गए किसी भी स्थान पर संगठन की चेतावनी के बाद भी मिलते है तो जहां देखेंगे तो राष्ट्रीय बजरंग दल बरेली उनसे रक्षाबंधन का त्यौहार फरवरी में ही मनवा लेगा।

# नींद की झपकी आने पर मिक्सर मशीन से टकराई कार, तीन युवकों की मौत

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना शीशगढ़ क्षेत्र में बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन युवकों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि कार चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे उसकी कार सड़क किनारे खड़ी मिक्सर मशीन से टकरा गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इस घटना में घायल तीनों युवकों को नजदीकी सीएचसी भेज दिया, जहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीशगढ़ थाना क्षेत्र के बूंची गांव के पास कार चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे कार नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे खड़ी हुई मिक्सर मशीन से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही शीशगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को फतेहगंज सीएचसी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। इस घटना में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के ग्राम फाजीलपुर महरौला निवासी अनिल गुप्ता पुत्र फूलचंद गुप्ता, बिहार के हरपुर निवासी जयचंद पुत्र रामेश्वरम और कानपुर के गोविंद नगर ग्राम गुर्जेनिया निवासी सतीश चंद्र शर्मा पुत्र स्व चरण सिंह शर्मा किसी काम से बरेली आए हुए थे। बरेली से लौटते समय बुधवार रात करीब ढाई बजे ये हादसा हो गया। वही इस घटना को लेकर शीशगढ़ थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया है कि हादसे में तीनों युवकों की मौत हो गई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। चालक को लंबी यात्रा के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए और थकान महसूस होने पर रुककर आराम करना चाहिए।

## रेंजर्स ने किया महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय चतुर्थ दिवस पर शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉक्टर दीप्ति चौधरी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण में रेंजर्स ने वी फॉर्मेशन मे प्रतिभाग किया ।प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया एवं प्रशिक्षक प्रशिक्षिका गीता रानी के द्वारा तंबू निर्माण पुल निर्माण संबंधी गांठे एवं बंधन बांधने सिखाएं। शिविर की द्वितीय पहर में रेंजर्स की लोक नृत्य प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में जम्मू कश्मीर टोली (टोली नंबर 2) ने प्रथम स्थान, हरियाणा टोली (टोली नंबर 3) ने तृतीय स्थान एवं राजस्थान टोली (टोली नंबर 4) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# हिस्टीशिटर मंजूर अहमद का आतंक गवाही देने वाले को अगवा कर बनाया बंधक

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मामला थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मिलक रोधी गांव का है, इस गांव में कुख्यात हिस्टीशिटर मंजूर अहमद का आतंक जारी है। हाल ही में, मंजूर अहमद ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को अगवा कर लिया और नग्न कर उसकी बेरहमी से पिटाई की, और इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित कलीम ने मंजूर अहमद के खिलाफ चल रहे एक मुकदमे में गवाही दी थी। जिससे बौखलाए हिस्टीशिटर ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर कलीम को रास्ते से उठाया, उसे एक अज्ञात स्थान पर बंधक बनाया, फिर उसे नग्न कर लोहे की रॉड और डंडों से बुरी तरह पीटा। इस घटना का वीडियो खुद आरोपियों ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

## खनन माफिया और पुलिस की मिली भगत

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंजूर अहमद बड़े पैमाने पर अवैध खनन के कारोबार से जुड़ा हुआ है। क्षेत्र में उसकी दबंगई इस कदर है कि वह पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम घूम रहा है। उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद पुलिस उस पर हाथ डालने से बच रही है। यह आशंका जताई जा रही है कि स्थानीय पुलिस और अपराधी के बीच गहरी साठगांठ है, जिसके चलते वह अब तक कानून की गिरफ्त से बाहर है।

## थाना सुभाष नगर पुलिस खनन माफियाओं पर क्यों है मेहरबान

यह पहला मामला नहीं है जब थाना सुभाष नगर पुलिस खनन माफिया पर मेहरबान रही है। इससे पहले भी थाना सुभाष नगर पुलिस के दामन पर खनन माफिया से मिली भगत के दाग लगते रहे हैं। इस खनन के खेल में कई जान भी जा चुकी है। उसके बाद भी यहां खनन का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

# टाण्डा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए हैं।पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी।तभी कुछ लोगों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर एक्ट के वाछिंत आरोपी बादली से खुशहालपुर मार्ग पर बनी बन्द पड़ी खाली दुकानों के पास खड़े हैं।जल्दी की जाए तो पकड़े जा सकते हैं।पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपियों में आरिफ उर्फ हलवाई पुत्र शाहिद निवासी नई बस्ती शाहजहाँपुर थाना किठौर जनपद मेरठ,इन्तेखाब अली पुत्र असलम निवासी ग्राम मिलक धर्मपुर जुग्गोवाली थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद,मोहम्मद रफी पुत्र शराफत निवासी ग्राम खेडा झुरकझुन्डी थाना टाण्डा जनपद रामपुर व शकील पुत्र अब्दुल हकीम निवासी मोहल्ला भब्बलपुरी कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी पर आरिफ उर्फ हलवाई के पास से एक तमंचा और दो कारतूस, इन्तेखाब अली से एक तमंचा और एक कारतूस तथा मोहम्मद रफी से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस ने बताया कि गैंगलीडर भूरा पुत्र नन्हू निवासी ग्राम मुतियापुरा थाना टाण्डा जिला रामपुर ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर एक सुसंगठित एंव सक्रिय गिरोह बना रखा है।इस गैंग का मुख्य पेशा रात्रि में चोरी छिपे घरों,मकानों और सरकारी स्कूलों आदि में चोरी करना है।इस गिरोह का जनता में इतना भय व आतंक व्याप्त है कि जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरूद्ध थाने में रिपोर्ट लिखाने व गवाही देने का साहस नहीं कर पाता है। उक्त गिरोह समाज विरोधी क्रियाकलापो में संलिप्त होकर अवैध सम्पत्ति अर्जित कर जीविकोपार्जन करता है।

पुलिस टीम ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सरगना सहित अन्य वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिहं सहित निरीक्षक अजय कुमार राणा, हेडकांस्टेबल जुल्फेकार,सुरेश कुमार, हरिओम सिहं,इब्राहीम खान और कांस्टेबल दारा सिहं ,विकास कुमार व नरेन्द्र सिहं शामिल रहे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र पर निपुण बच्चे सम्मानित

वेलकम इंडिया



**माल, लखनऊ।** विकासखंड माल में खंड शिक्षा अधिकारी बंशीधर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक मलिहाबाद जय देवी कौशल ने दीप प्रज्वलन कर किया।

विधायिक मलिहाबाद ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में ब्लॉक की कुल 11 न्याय पंचायत से 55 निपुण बच्चों को आज ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सम्मानित किया गया है।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामकुमार राही ने सभी बच्चों, शिक्षकों को बधाई दी। वही सीडीपीओ विकासखंड माल श्रद्धा सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व शिक्षकों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी बच्चों को प्राइमरी स्कूलों में नामांकन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में ए आर पी शिव प्रकाश पाठक ने निपुण भारत व राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बुनियादी उद्देश्यों से सभी को परिचित कराया।उत्सव में शिक्षक संघ से कुनेंद्र पाल सिंह, प्रदीप सिंह जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, हरिशंकर राठौर , नोडल शिक्षक अभिभावक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व समस्त बी आर सी स्टाफ उपस्थित रहे।

# नगर निगम लखनऊ में बड़ी कार्यवाही: सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नगर निगम विभाग के अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के द्वारा गठित टीम द्वारा ग्राम-हासेमऊ, तहसील व जिला-लखनऊ में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने हेतु यह कार्यवाही की गई।इस कार्यवाही में नगर निगम के लेखपाल, पुलिस बल और नगर निगम के प्रवर्तन दल के सहयोग से बड़े पैमाने पर अस्थाई अवैध कब्जों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया।कार्यवाही के दौरान स्थानीय महिलाओं ने विरोध किया, लेकिन शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही सम्पादित कर दी गई।इस कार्यवाही से 0.025 हेक्टेयर भूमि मुक्त करा दी गई।ग्राम-हासेमऊ, तहसील व जिला-लखनऊ की अतिक्रमणमुक्त भूमि खसरा संख्या-125/213 क्षेत्रफल 0.114 हे0 मरघट/शमशान भूमि आंशिक भाग अतिक्रमणमुक्त कराते समय यह कार्यवाही की गई।कार्यवाही के समय तहसील से सम्बन्धित नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे।

# रेलवे सुरक्षा बल ने दर्शायी अनुकरणीय एवं उल्लेखनीय कार्यशैली

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** मंडल द्वारा महाकुंभ 2025 के अंतर्गत की जाने वाली तैयारियों के क्रम में यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा के विषय में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन करते हुए मंडल के रेलवे सुरक्षा बल विभाग के 1523 कर्मचारी प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर कार्य कर रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, देवांश शुक्ला ने नेतृत्व में इन स्टेशनों पर निरंतर 24 घंटे कार्य करते हुए ये सभी कर्मचारी रेलयात्रियों एवं आने जाने वाले पर्यटकों की जानमाल की सुरक्षा पूरी प्रतिबद्धता और अनुशासन से कर रहे हैं। इन स्टेशनों पर यात्रियों के सामान एवं संदिग्धों की धर पकड़ के लिए 03 डॉग स्क्वायड और उनके 06 हैंडलर भी कार्य कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर अंकुश लगाया जा सके और संदिग्ध व्यक्तियों और अनाधिकृत सामान की पहचान की जा सके। अपनी अनुकरणीय कार्य शैली के चलते जहां एक ओर रेलवे सुरक्षा बल के ये कर्मचारी यात्री सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बखूबी कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपनी ड्यूटी के दौरान वह भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सहायता का कार्य भी अत्यंत कुशलता से करते हैं। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के इन कर्मियों द्वारा प्रयाग जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन पर अपने परिवार से बिछुड़े 08 व्यक्तियों को पुनः इनके परिजनों से मिलवाने का कार्य किया गया। इस बहुआयामी कार्य प्रणाली के चलते जहां एक और रेलवे का कार्य विशेषतः यात्री सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन अत्यंत सुविधा से संपन्न हो रहा है वहीं दूसरी ओर यात्रियों एवं उनके सामान की भी पूरी सुरक्षा हो रही है। महाकुंभ के तहत यात्रियों के पलट प्रवाह को देखते हुए अयोध्या एवं वाराणसी पर स्थित मंडल के स्टेशनों पर भी 556 रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा यात्री सुरक्षा एवं सुविधा, भीड़ तथा यात्री प्रबंधन के कार्यों को भली भांति संपन्न किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार की मौत

वेलकम इंडिया

**कछवांरोड।** क्षेत्र के कछवां-कपसेठी मार्ग पर जोगियापुर गांव के आमने रोड पर गुरुवार की शाम खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली के पिछले हिस्से में बाइक सवार भिड़कर गम्भीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से इलाज हेतु कछवांरोड एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कपसेठी थाना क्षेत्र के सिखडी गांव निवासी सकल नारायण सिंह उम्र (55) वर्ष किसी काम से कछवांरोड गए हुए थे वापस घर जा रहे थे जोगियापुर के पास कछवां-कपसेठी मार्ग पर रोड के किनारे एक ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी थी उसी में बाइक से अनियंत्रित होकर पीछे से जा भिड़े जिससे सकल नारायण गम्भीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई रामचन्द्र यादव ने ग्रामीणों की मदद से सकल नारायण को इलाज हेतु कछवांरोड एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने सकल नारायण को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने के साथ ही ट्रैक्टर ट्रॉली व चालक के तलाश में जुट गई।मृतक छह भाइयो में दूसरे नंबर का था और घर पर ही रहकर एक फार्च्यून की दुकान चलाते थे।मृतक को एक अमित कुमार सिंह नामक पुत्र बताया गया।पुत्र दिल्ली में रहकर जॉब करता है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति मे पूर्व विधायक और एस पी ने क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ



**प्रतापगढ़।** रानीगंज के पूर्व विधायक धीरज ओझा और प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ॰ अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर रानीगज विधानसभा क्षेत्र के पृथ्वीगज हवाई पट्टी के नजदीक आयोजित आदर्श क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया और प्रतियोगी टीम के खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर उन्हे शुभकामनाएँ दी। ।इस दौरान प्रतापगढ भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव जी भी उपस्थित रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ अन्तर्गत विधायक धीरज ओझा ने बाल फेकी तो वही पुलिस कप्तान अनिल ?कुमार बैटिग करते नजर आए ।शुभारम्भ पश्चात विधायक धीरज ओझा ने पुलिस अधीक्षक अनिल ?कुमार तथा भाजपा ?जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव जी का माल्यार्पण किया और उन्हे शाल ओढा कर स्वागत अभिनदन कर अपनी शुभकामनाए दी।

# अवादा फाउंडेशन ने बांटे स्कूल बैग एवं विद्यालय नवीनीकरण, पुस्तकालय का किया लोकार्पण



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** अवादा फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चिचलिक के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरण एवं विद्यालय नवीनीकरण, पुस्तकालय सामग्री प्रदान करने तथा इन्वर्टर लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र मुकुल आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कर्यक्रम विशेष बनाया, कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा व दीप जलाकर की गई इसके बाद स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया सभी अतिथितियों का स्वागत बुके देकर अवादा ग्रुप के एस के बंसल एवं आर के अग्रवाल ने किया, कार्यक्रम के दौरान उप प्रबंधक महेश कुमार माथुर ने सभी अतिथियों को अवादा फाउंडेशन द्वारा ग्राम चिचलिक, खोड़ेला, बशुहारी एवं अड़गुड़ के विद्यालयों मे किये जा रहे विकासत्मक कार्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र मे किये जा रहे प्रयासों के बारे मे अवगत करवाया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा अवादा फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित विद्यालय नवीनीकरण कार्यों का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा अवादा फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे किये जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा की अवादा फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र मे बुनियादी स्तर से काम कर रही जो काफी अनुकरणीय है। अवादा फाउंडेशन के डायरेक्टर रितु पटवारी ने कहा हम सभी को बहुत खुशी हों रही अब हमारी संस्था सोनभद्र में गरीब लोगों और बच्चों के शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।बच्चो को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके लिए अवादा फाउंडेशन लगातार कार्य कर रही हैं।

## सदिग्ध वसीयत पर ग्रामीणों में हलचल

# सीओ चकबन्दी ने कहा बताओ कब से हुए लापता और कब मरे

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** लालगन्ज तहसील अन्तर्गत रजीतगढ गाव मे चकबन्दी प्रक्रिया दौरान सी ओ की सुनवाई अदालत मे एक ग्रामीण ने किसी अन्य की जमीन पाने के लिए वसीयत होना बताया था ।जिसपर ग्रामीण हैरान हुए तो वही वसीयत सदिग्ध दिखने पर सी ओ चकबन्दी ने कहा कि बताओ वसीयत कर्ता कब से लापता है ।

विस्तृत खबर अनुसार चकबन्दी अधीन गाव रजीतगढ मे चकबन्दी प्रकिया मे सी ओ चकबन्दी की पिछले दिनो सुनवाई चल रही थी ।जिसमे एक ग्रामीण महरानीदीन ने स्व० कुल्लू सुत देवीदीन की जमीन गाटा सख्ता 89 पर दावा ठ ?कते हुए वसीयत चकबन्दी सी ओ के सामने रखी ।वसीयत सामने आने के बाद ग्रामीण हैरान रह गये कि जो व्यक्ति गाव छोडकर जाने के बाद आज तक वापस आया ही नही आखिर उसने अपनी वसीयत महरानीदीन को कब कर दी ।ग्रामीणो मे चर्चा होने लगी कि जब वसीयत महारानी दीन के नाम कुल्लू ने कर दी है तब तो महरानीदीन को यह भी पता होगा कि कुल्लू की मौत कहा हुई और उनकी सन्ताने अब कहा है ।यह वसीयत कूटरचित है ।जिस कागज पर वसीयत लिखी गयी है वह कागज ही यह बताने को काफी है कि वसीयत की नही गयी है बल्कि तैयार की गयी है।

गाव के ही कुछ बुद्धिजीवियों ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि कोई व्यक्ति अपनी वसीयत किसी अन्य को इस उम्मीद मे करता है कि वृद्धावस्था के समय मे उसकी सम्पत्ति पाने वाला उसकी सेवा करेगा दाहसस्कार करेगा लेकिन यहा तो ?सा कुछ भी नही क्योंकि कुल्लू की अपनी सन्ताने है यह सब जानते है ।गाव छोड कर वो कहा गये किसी को पता ही नही वो वास्तव मे जीवित है या उनकी मौत हो चुकी है यह भी किसी को नही पता ।फिर उन्हे वसीयत ही करनी होती तो उसके नाम करते जो उनके सबसे अधिक करीब था नाकि महरानी दीन को ।तो वही सजरानुसार भी यदि देखा जाये तो जमीन कालू, शंकर और अलगू की सन्तानो को मिलनी चाहिए ना कि सिर्फ बसन की सन्तान को ।

महारानी दीन के वसीयत पेश करने पर काफी दिब हलचल मे रहने के बाद ग्रामीण तहसील दिवस मे शिकायती पत्र भी देकर आए है ?सी सूचना कुछ ग्रामीण महिलाओ ने फोन कर दी है।तो वही सी ओ चकबन्दी ने पहले ही महारानी दीन से कह दिया है कि पहले यह तो स्पष्ट करो कि कुल्लू जो ?अब मृतक है वह लापता कब हुआ और उसकी मौत कब हुई है ।


# बोर्ड परीक्षाओं के चलते हैं मोबाइल से दूर रहें : विनीत कुमार



**नूरपुर।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने बताया कि संयम और पूर्ण एकग्रता से करें विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा देने की तैयारी मोबाईल फोन के इस युग में एकाग्रता का बनाना बहुत जटिल है लेकिन नामुमकिन नही। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि जितना हो सके बोर्ड परीक्षाओं के चलते मोबाइल से दूर रहें। हो सके तो इस कार्यकाल में मोबाईल प्रयोग ही ना करें। निरन्तर प्रयासरत विद्यार्थी अपने कोर्स का बार-बार रिविजन करें। जिन विद्यार्थियो ने ज्यादा समय अपनी पढाई को नहीं दिया है। वे कुछ चुनिन्दा टॉपिक्स लेकर उन्हें बार-दोहराने का प्रयास करें ताकि पास होने के साथ-साथ अच्छे मार्क्स भी ला सकें। अभिभावको से निवेदन है कि वो अपने बच्चे पर पूर्ण विश्वास करके उसे परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उसकी तुलना किसी दूसरे बच्चे से ना करें। दिन में कम से कम एक बार बच्चे से उसकी परीक्षा से सम्बन्धित बात जरूर करें।

# शाहजहांपुर में शाहीन किड्स प्ले स्कूल का हुआ उदघाटन

वेलकम इंडिया




**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित पूर्व यशफीन हॉस्पिटल की बिल्डिंग में नई शिक्षा नीति के तहत खेल खेल में पढ़ाई के विकल्प के रूप में शाहीन किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया।स्कूल स्थापकों ने बताया कि शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन आज देश की मुख्यधारा की शिक्षा और नेशनल एजुकेशनल पॉलिसी 2020 को सामने रखते हुए बराबर प्रयासरत है। इंजीनियरिंग, आईआईएस, आईपीएस, पीसीएस जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हर राज्य में शाहीन ग्रुप्स इंस्टिट्यूटशन की शाखाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है आज कस्बा शाहजहांपुर में शाहीन किड्स प्ले स्कूल की ये शाखा भी इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते खोली गई है,ये खयालात शाहीन किड्ज प्ले स्कूल उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शाहीन ग्रुप इंस्टिट्यूशन के प्री स्कूल प्रोजेक्ट के हेड डॉ सैय्यद तनवीर अहमद ने व्यक्त किए इस अवसर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के प्रोफेसर डॉ असलम जमशेदपुरी ने मुस्लिम समाज में शिक्षा की महत्ता पर अपने व्याख्यान में कहा कि कोई भी समाज तभी विकासशील हो सकता जब वो शिक्षा के मूल को समझे और शैक्षिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले..इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखक शिक्षक श्री नदीम अख्तर ने बाल्य शिक्षा और बच्चों की परवरिश और उनके उत्थान पर कहा कि मां के पेट में जब बच्चा होता है तो उस पर आसपास के माहौल का असर पड़ता है इसलिए हमें चाहिए इस बात का ध्यान रखे ... उन्होंने इस अवसर पर अभिमन्यु का किस्सा भी सुनाया कि उन्होंने माता के गर्भ में ही धनुष विद्या सीख ली थी इसलिए बच्चों के अंदर संस्कार ही शिक्षा की शुरूआत होते हैं उन्होंने शाहजहांपुर में शाहीन किड्स प्ले स्कूल की शुरूआत के लिए अदनान इकबाल,वाजिद खान , जाकिर भाई , जफरुल्लाह खान को हार्दिक बधाई दी .......इस अवसर पर शाहजहांपुर विकास मंच के अध्यक्ष श्री डॉ मोहम्मद यूसुफ, श्री नुरुल इकराम खान साहब , युनुस खान ने भी उद्घाटन समारोह में अपने अपने संबोधन में शाहीन किड्ज प्ले स्कूल के स्थापको को बधाई दी ....सभी मेहमानों का बुके, शाल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया , प्रोग्राम का सफल संचालन देवबंद यूनानी मेडिकल कालेज देवबंद के प्रोफेसर डॉ अफजाल अहमद ने किया और उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मौलाना मोईन अख्तर कासमी साहब ने की ..

प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथियों में शाहीन मदरसा प्रोग्राम के जोनल हेड श्री मरगूब उर रहमान कासमी साहब , मिर्जा मिन्हाज, श्री अशफाक नदवी , चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय से श्री इरशाद ,श्री इसरार उल हक किठौरी ,श्रीमान डॉ जफरुल्ला खान ,श्री मुमताज आलम खान ,श्री तबारक उल्लाह खान पूर्व चैयरमैन शाहजहांपुर,श्री शहजर , श्री इकबाल मलिक ,श्री हनीफ मालिक ,श्री गंगा प्रसाद ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शाहीन किड्ज प्ले स्कूल के स्थापको को शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन : सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत शिविर में विद्यार्थियों को क्षय रोग के सम्बन्ध में किया गया स्कीन



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत जनपद हाथरस के विभिन्न ब्लॉकों के आवासीय कस्तूरबा गाँधी विद्यालय, सादाबाद, सिकन्दराराऊ, हसायन, सहपऊ एवं जवाहर नवोदय विद्यालय अगसौली सिकन्दराराऊ में आरबीएसके टीम के चिकित्सकों, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के कार्मिकों द्वारा निःक्षय शिविर लगाकर विद्यार्थियों को क्षय रोग के सम्बन्ध में स्कीन किया गया। छात्र-छात्राओं को टीवी मुक्त भारत की शपथ कराते हुये टीबी बीमारी के प्रति जागरुक करा गया। सभी विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग करते हुये टीबी सम्बन्धी लक्षण पाये गये उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर परीक्षण कराये गये। समस्त ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि उच्च जोखिम वाली जनसंख्या की प्रतिदिन निःक्षय शिविर लगाकर स्क्रीनिंग की जा रही है। जो निम्न प्रकार से है। जैसे-60 वर्ष से अधिक आयु, 18.5 किग्रा/मी. से कम बीएमआई वाली कुपोषित जनसंख्या, मधुमेह रोगी, धूम्रपान एवं नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति, जन-जन का रखे ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान₹ ₹टीबी हारेगा, देश जीतेगा₹ टीबी हारेगा, हाथरस जीतेगा।

## लोहे की रॉड से वार कर दोस्त की हत्या

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के अशोक विहार में बुधवार रात को लेनदेन के विवाद में लोहे की रॉड से पीटकर दोस्त ने दोस्त की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की आधी रात एक बजे सूचना प्राप्त हुई की कोतवाली लोनी के अशोक विहार में एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड से वार कर दूसरे व्यक्ति की हत्या कर दी। लोनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तो जानकारी हुई मोहम्मद फारूक ने दोस्त शौकीन की हत्या कर दी है। मौके पर ही मोहम्मद फारूक को पकड़ लिया गया। फोरेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्र करने के लिए बुलाया गया। स्वजन को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है। स्वजन की शिकायत पर हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, एक अन्य मामले में लोनी कोतवाली क्षेत्र की बागराणप कॉलोनी में कहासुनी को लेकर छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

# पीडीए कर रहा आगाज। राष्ट्रीय सचिव



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निदेर्शों पर गांव गांव और शहर शहर की गलियों और घरों तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है जिसके तहत हापुड़ के जिला अध्यक्ष एड.बबलू गुर्जर ने समाजवादीयों को हो बाबासाहेब के मान पर चर्चा, अब घर घर पहुंचे पीडीए पर्चा₹ अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी के साथ पटना, ततारपुर, अम्बेडकर नगर, और लालपुर में भी समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव डा.नरेश सागर ने ग्रामीण वासियों को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर भुर्जी के साथ मिलकर सभी को पीडीए पर्चा देकर जागरूक अभियान चलाया। डा.नरेश सागर ने कहा कि.इस समय जहां देश और संविधान तो खतरे में है ही, वही आपके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार और रोटियों को भी बड़ा खतरा है। तो वहीं श्याम सुंदर भुर्जी ने कहा कि.अब देश की जनता को गहरी नींद से जागकर इस देश को बचाने के लिए आगे आना होगा। अभियान में उपस्थित कविता सागर, मनोहर लाल, मा.जीत सिंह, रामेश्वरी देवी, मालती सिंह, पूनम सागर, मीनू, धीरेन्द्र सिंह, मोनू कुमार, प्रशांत, परमीता, विनोद आदि उपस्थित रहे।

## कैंट बोर्ड ने जुबली गंज में अमित साहू के अतिक्रमण को किया ध्वस्त व आबूलेन पर चलाया घन

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** गुरुवार को कैंट बोर्ड ने आबूलेन व रजबन में अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है कैंट बोर्ड प्रशासन ने अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई करते हुए 182 आबूलेन पर कैंट बोर्ड ध्वस्तीकरण स्क्वाड के कर्मचारियों ने नवनिर्मित अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है वहीं रजबन स्थित जुबली गंज में अमित साहू द्वारा नव निर्मित अतिक्रमण पर घन बजा कर ध्वस्त कर दिया गया वहीं विभाग ने बताया अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# गोबर बहाकर गंदगी फैलाने वाली डेरियों से निगम ने जुमार्ना वसूला

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगर निगम ने गंदगी फैलानी वाली डेरियों के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए शहर की दो पशु डेरियों के चालान किये तथा सड़क पर पशु बांधकर गंदगी फैलाने पर भी एक पशु पालक का चालान किया। कुल 44 हजार रुपये से अधिक जुमार्ना वसूला गया। निगम अधिकारियों ने डेरी स्वामियों को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में गंदगी पायी गयी तो पशुओं को जब्त कर एफआईआर भी दर्ज करायी जायेगी।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में निगम अधिकारियों ने नालियों में गोबर बहाने व सड़कों पर पशु बांधकर गंदगी फैलाने वाले पशु पालकों एवं डेरी वालों के खिलाफ अभियान चलाया। चंद्रनगर में गोबर बहाकर गंदगी फैलाने वाली एक डेरी पर 25 हजार दो सौ रुपये तथा 62 फुटा रोड की एक पशु डेरी पर भी गंदगी फैलाने पर 14 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। गलीरा चौक के निकट एक पशु पालक द्वारा सड़क पर पशु बांधकर गंदगी फैलाने पर इक्यावन सौ रुपये जुमार्ना वसूला गया।

पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि पशु डेरी मालिकों को चेतावनी दी गयी है कि यदि भविष्य में नालियों में गोबर बहाते हुए पाया गया तो उनके पशु जब्त कर एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने पशु पालको से सड़कों पर पशुओं को खुला न छोड़ने और सड़क पर पशु न बांधने की अपील की है। उन्होंने डेरी स्वामियों को चैंबर बनाने का सुझाव भी दिया है ताकि गोबर मिश्रित पानी उसमें जमा होने के बाद गोबर नीचे बैठ जाए और पानी बाहर नालियों में निकल सके।

## हाफिज़पुर पुलिस ने ऑपरेशन शस्त्र के तहत दो शातिर किस्म के अपराधियों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/डीआईजी कला निधि नैथानी के आदेश अनुपालन में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देशन में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा शुरू किए गए।ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत चेकिंग के दौरान हाफिजपुर पुलिस ने किसी अपराधी की घटना को अंजाम देने की फिराक में जा रहे। दो शातिर किस्म के अपराधियों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

## अन्नपूर्णा मंदिर में 56 भोग लगाकर मनाया बसंत उत्सव



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** अनपूर्णा मंदिर मे 56 भोग मासिक कीर्तन मे इस महा प्रभु जी की बसंत उत्सव व 56 भोग लगाया गया, जिसमे बसंत उत्सव मे प्रभु जी को पतंग उड़ाते हुए दर्श्य गया व पीतांबरी धारण कराई गयी, बसंत उत्सव को अपने भाव मे सजाने के लिए मुजफ्फरनगर से तरुण भईया ने अपने भाव से ₹ नवल बसंत, बसंत वृन्दावन₹ व ₹ श्रृंगार बसंती है श्री जी को श्रृंगार बसंती है₹ , रसिक जनो को व उत्सव प्रागण को आनद मय भजनो से भावपूर्ण किया, इन भाव से भक्तजन ने खूब आनंद लिया, उत्सव समापन के बाद भक्तो को 56 भोग व अन्नकूट प्रशादी का भोग बाटा गया । मासिक कीर्तन हर महा अनपूर्णा मंदिर मै प्रभु की किर्प्या से राधागोविन्द श्यन आरती परिकर के माध्यम से किया जाता जिसमे महीने की रितू के हिसाब से प्रभु के बंगला का मनोरथ व हर महा 56 भोग लगाया जाता है और वृन्दावन या आस पास के रसिकजन गायन के लिये बुलाते है । इस उत्सव की सेवा मे दीपक अग्रवाल, अतुल गर्ग, मयंक अग्रवाल, नितिन गुप्ता, अभिषेक मित्तल , सचिन गुप्ता, हिमांशु , वेद प्रकाश, राजु, निशांत शर्मा, अमन अग्रवाल, मयंक महेश्वरी व श्री राधा गोविन्द शयन आरती परिकर के समस्त व रसिकजनों सदस्यो का सहयोग रहा ।



## जुआ फड़ में लग रहे थे हार -जीत के दाव, दो गिरफ्तार, कब्जे से 6,200 रुपए नगद व ताश की गड्डी बरामद

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ-सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को बैनीराम बाग से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 6,200 रुपए नगद व 52 पत्ता ताश बरामद हुए है । अभियुक्तगणों मौहसिन पुत्र असलम निवासी कैलाश नगर और राजू पुत्र मलूकचन्द्र निवासी श्रीनगर थाना हाथरस गेट जनपद हाथ ?स की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**सादाबाद।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक वाहन चोर को कूपा रोड मोड के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त कैलाश चौहान पुत्र छुट्टन सिंह निवासी नगला बहादुर थाना सादाबाद जनपद हाथरस की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# महापौर ने निर्माण सामग्री के सैंपल लेकर दिए जांच के निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम के ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण कार्य करें अन्यथा निगम छोड़कर कहीं अन्यत्र काम करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। महापौर ने निमार्णाधीन नाला व सड़क निर्माण कार्य स्थल से निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत रखते हुए आज निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता रतन पाण्डेय व अवर अभियंता अनुज को साथ लेकर वार्ड नंबर 28 में चल रहे नाला निर्माण कार्य तथा वार्ड 33 में बन रही सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता में काफी कमियां पायी गयी। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्माण सामग्री से तत्काल सैंपल लेकर जांच कराने ओर दोषी ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निगम के विकास कार्यो में कोई लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि निगम से सम्बंधित ठेकेदार निगम में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें अन्यथा निगम छोड़कर अन्यत्र जाकर काम करें। इस दौरान महापौर के साथ पार्षद आसिफ, दिग्विजय चौहान, पार्षद संदीप चौधरी, पूर्व पार्षद रेखा रोहिला व भाजपा नेता शुभम कश्यप आदि मौजूद रहे।



## 80 साल की बुजुर्ग महिला से नग्न कर की अमानवीयता, खून से लथपथ मिला शव

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** जिले में हसायन कोतवाली क्षेत्र के गाँव कानऊ में एक 80 साल की बुजुर्ग महिला का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला, महिला के शरीर पर किसी धारदार हथियार के निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे शरीर पर खून का बाह था। जानकारी मिलने पर गांव के लोग दंग रह गये। मौके पर पुलिस पहुंच गई साक्ष्य संकलन के आधार पर कार्यवाही करने लगी। जानकारी के मुताबिक महिला के पति की 2020 में मौत हो गई थी। इनको कोई संतान नहीं थी, इस कारण इन्होंने अपने भतीजे को गोद ले रखा था। मृतक महिला ने अपनी जायदाद गोद लिए भतीजे के नाम पहले से ही करने की बात सामने आई है। भतीजा खेती-बाड़ी से ही करके जीवन यापन कर रहा था। इससे पहले पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिंन्हा ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और लोगों से पूछताछ की। यहां पर फॉरेंसिक स्क्वाड टीम भी बुलाई गई। इस टीम ने आकर भी घटना स्थल से साक्ष्य इकट्ठा करने की कार्रवाई की गई। पुलिस इस मामले में हर पहलू को लेकर आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# सुंदरदीप में आईसीटी अकादमी और हनीवेल द्वारा सीआरएम सेल्स फॉर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में अंतिम वर्ष के बीटेक (कंप्यूटर साइंस) और बीसीए छात्रों के लिए आईसीटी अकादमी और हनीवेल फाउंडेशन द्वारा आयोजित सीआरएम सेल्स फॉर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी 2025 तक आयोजित होगा। जिसका उद्देश्य छात्रों को अत्याधुनिक सीआरएम सेल्स फॉर्स कौशल से सशक्त बनाना ताकि वे तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में सफल हो सकें।

प्रशिक्षण के दौरान, छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स और इंडस्ट्री इंटरैक्शन सत्रों से भी अवगत कराया जाएगा जिससे उनकी संचार और टीमवर्क क्षमताओं में भी सुधार होगा। इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने सीआरएम सेल्स फॉर्स के बुनियादी और उन्नत सिद्धांतों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें ग्राहक संबंध प्रबंधन और सेल्स फॉर्स प्लेटफॉर्म पर आधारित समाधान तैयार करने की क्षमता मिलेगी। शुभारंभ समारोह में प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार, कुलपति एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. (डॉ.) हरिश कुमार तलुजा, निदेशक, सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), सतेंद्र नारायण, रिलेशनशिप मैनेजर, (आईसीटी) अकादमी, और आदित्य कुमार मिश्रा, ट्रेनर भी मौजूद थे। प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार ने इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान इंडस्ट्री की मांगों को पूरा करने के लिए सीआरएम और सेल्स फॉर्स तकनीकों में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। प्रो. हरिश कुमार तलुजा ने छात्रों के विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता को दोहराया और हनीवेल फाउंडेशन तथा आई0सी0टी0 अकादमी का आभार व्यक्त किया। चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो (डॉ0) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0नि0), रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन, प्रो. (डॉ.) हरिश कुमार तलुजा, निदेशक, सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) और अन्य विभागाध्यक्षों व फैकल्टी सदस्यों ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# योगी सरकार किसानों को देगी खुशखबरी, बढ़ेंगे गन्ना के दाम, यूपी कैबिनेट मीटिंग में आज होंगे कई अहम फैसले

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** यूपी के किसानों को योगी सरकार आज खुशखबरी दे सकती है। सीएम योगी की अध्यक्षता में आज शाम पांच बजे मंत्रिपरिषद की मीटिंग की बुलाई गई। ये कैबिनेट बैठक कई मामलों में अहम मानी जा रही है। कैबिनेट बैठक में गन्ना के दाम बढ़ने के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। इसके साथ ही यूपी विधानमंडल बजट सत्र के बुलाने पर निर्णय हो सकता है। साथ ही आबकारी पॉलिसी पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। इसके साथ ही औद्योगिक बिकास विभाग के प्रस्तावों पर फैसला हो सकता है। इसके अलावा, नई निर्यात नीति को मंजूरी मिल सकती है। निर्यात नीति के लिए 2025 से 2030 के लिए प्रस्ताव किए गए हैं। आपको बता दें कि यूपी सरकार ने 2023-24 में गन्ना मूल्य 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बढ़ाया गया था। वर्तमान में गन्ने का एफआरपी अगैती प्रजाति के लिए 370, सामान्य प्रजाति के लिए 360 और रिजेक्टेड प्रजाति के लिए 355 रुपये प्रति क्विंटल है। इस बार पेराई सत्र शुरू हुए कई महीने गुजरने के बाद भी गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। यूपी में पिछले 7 सालों में केवल तीन बार गन्ने के दाम 10, 25 और 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा है। ऐसे में लंबे समय से इंतजार कर रहे गन्ना किसानों को आज अच्छी खबर मिलेगी। योगी कैबिनेट की मीटिंग में गन्ना के दाम बढ़ने पर फैसला हो सकता है।

वहीं आबकारी पॉलिसी पर मुहर लग सकती है। बीते दिन वित्त मंत्री ने कहा था कि आबकारी मद में इस साल जनवरी में कुल 3356.26 करोड़ रुपये मिले। जबकि पिछले साल जनवरी में 4968.02 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी। यह कमी 2025-26 की आबकारी नीति घोषित नहीं होने के कारण कमी दिख रही है।

# अयोध्या पुलिस ने बुजुर्ग चौकीदार की पीट-पीटकर हत्या करने वाले अपराधियों को किया गिरफ्तार




वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** ग्राम पंचायत सरियावा मजरे खैपुर निवासी चौकीदार ध्रुव कुमार की अ ज्ञात हत्यारों द्वारा हुई हत्या को पुलिस ने वर्कआउट किया हत्या में शामिल पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल के हवाले किया।

गौरतलब हो कि ध्रुव कुमार निर्माण अधीन मैरिज लॉन में चौकीदार के पद पर कार्यरत था अक्सर चोर सरिया सीमेंट की चोरी किया करते थे किंतु जब से ध्रुव कुमार चौकीदारी करने लगे तो चोरों के मार्ग में बाधक बन गए इन्हीं चोरों ने ध्रुव कुमार को शनिवार के मध्य रात में जमकर लाठी डंडों से सरिया से पिता तथा हाथ पैर तोड़ दिया जिन्हें अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया किंतु अधिक गंभीर होने के नाते दूसरे दिन इनकी मौत हो जाती है जिसे लेकर के ग्रामीणों ने शव को रखकर रोड जाम कर दिया था जिसे उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकार आशुतोष तिवारी ने समझा बूझकर जाम हटवाया और आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रकरण का खुलासा किया जाएगा पूरा कलंदर थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिंह तथा उनके सहयोगी पुलिस संतोष कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने जमकर पसीना बहाया और परिश्रम रंग लाई हत्यारो का पहचान करते हुए हत्या में शामिल शिव शंकर दुबे सुभाकर मिश्रा पवन सिंह राजू तथा संदीप गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल के हवाले किया।

# सारा गांव के अजय त्यागी ने जीता राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** तहसील के गांव सारा निवासी अजय त्यागी पुत्र राकेश त्यागी ने 42वें राष्ट्रीय खेलों में जो उत्तराखंड में आयोजित हो रहे हैं सेना की तरफ से खेलते हुए रोइंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। 25 मार्च से ऑस्ट्रेलिया में होने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में यह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके इस कामयाबी से पूरे गांव में खुशी का माहौल है और मिठाई बाटी जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव त्यागी, ग्राम प्रधान संजय कुमार संजय नेताजी ने अजय के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सारा गांव निवासी व खो खो वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर अरुण त्यागी ने कहा कि अजय में वह दम और खूबियां हैं कि आने वाले समय में वह एशियाई व ओलंपिक खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक जीतेगा।

## शादी से मना करने पर दी तेजाब से हमले की धमकी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में एक दुकानदार द्वारा एक महिला को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। आरोपी न केवल महिला को परेशान कर रहा है, बल्कि उसके इंस्टाग्राम से फोटो चुराकर सोशल मीडिया पर उसे अपनी पत्नी बताकर वायरल कर रहा है। पीड़िता एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा है और दो बच्चों की मां है। उसकी शादी को दस साल हो चुके हैं। महिला के अनुसार, उनके घर के सामने परचून की दुकान चलाने वाला व्यक्ति लंबे समय से उन्हें परेशान कर रहा है। आरोपी न केवल उनके साथ छेड़छाड़ करता है, बल्कि अश्लील हरकतें भी करता है। स्थिति और भी गंभीर तब हो गई जब आरोपी ने महिला पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब महिला ने शादी से इनकार किया, तो आरोपी ने उस पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता अब घर से बाहर निकलने में भी असमर्थ है। पीड़िता की शिकायत पर मोदीनगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, आरोपी अधिराज मलिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे से आ रहा दूसरा ट्रक उससे टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में ट्रक क्लीनर दिलीप ( पिता कल्ला), जो मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के थाना मोहना क्षेत्र के टिपला गांव का रहने वाला था, की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को पहले मुरादनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारू किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रॉपर्टी डीलर के पेट में मारी तीन गोलियां, कहासुनी के बाद पड़ोसी ने दिया वारदात को अंजाम

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र सिरौली गांव मंदिर के निकट बुधवार रात कहासुनी में पड़ोसी ने 27 वर्षीय युवक को गोली मार दी। युवक के पेट में तीन गोली लगी। मौके पर पहुंचे स्वजन ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल के पिता ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। सहायक पुलिस आयुक लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि सिरौली गांव निवासी पिंटू प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। बुधवार रात मंदिर के निकट आपसी कहासुनी में साथियों संग खड़े आरोपित मोनू ने उस पर गोली चला दी।

## घर से बाहर से कार चोरी, बदमाश सीसीटीवी में कैद

**मोदीनगर।** घर के बाहर खड़ी ब्रेजा कार चोरों ने चोरी कर ली और चंपत हो गयें। कार स्वामी को सुबह कार चोरी की घटना का पता चला।गोविन्दपुरी की हरमुखपुरी निवासी पत्रकार अरूण वर्मा प्रेस क्लब मोदीनगर के अध्यक्ष है और अपने परिवार के साथ रहते है। उन्होंने अपनी ब्रेजा कार घर के बाहर खड़ी की थी, कि इसी बीच रात्री करीब 2.15 बजे दो अज्ञात चोर एक कार में सवार होकर आये और कार चोरी कर ले गयें। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी सुबह लगी। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि रिपार्ट दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

# विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में परचम लहराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व में व डॉक्टर गीता त्यागी डॉक्टर सारिका त्यागी के कुशल निर्देशन में शंभू दयाल पीजी कॉलेज गाजियाबाद में साहित्यिक सांस्कृतिक सप्ताह झंकार के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय स्तर पर गत 31 जनवरी को होने वाली निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा निशा बी ए द्वितीय वर्ष चंचल बीए द्वितीय वर्ष तथा प्रियांशु बीए द्वितीय वर्ष तथा दिनांक एक फरवरी को होने वाली रंगोली प्रतियोगिता में खुशी बी ए तृतीय वर्ष तथा स्वरचित कविता लेखन व पाठ प्रतियोगिता में कुमारी दीपांशु बी ए तृतीय वर्ष कुमारी शैली बी ए तृतीय वर्ष ने दिनांक 2-2-2025 में होने वाली वाद विवाद प्रतियोगिता में कुमारी भावना बी ए प्रथम वर्ष तथा कुमारी ईशा जहां बी ए तृतीय वर्ष ने प्रतिभागिता की तथा निबंध प्रतियोगिता में कुमारी प्रियांशु बी ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरव का अनुभव कराया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा तथा समस्त प्रवक्ता वर्ग ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अयोध्या पुलिस ने नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी अयोध्या के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक पूराकलन्दर के नेतृत्व मे थाना स्थानीय उ0नि0 रामराज चौधरी मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर वादी द्वारा खुद की नाबालिक पुत्री को विपक्षी अभिषेक पुत्र प्रदीप कुमार नि0 मयाभीखी थाना महराजगंज जनपद अयोध्या द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 260/24 धारा 64(1),137(2),87 बीएनएस व श (2) पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र प्रदीप कुमार नि0 मयाभीखी थाना महराजगंज जनपद अयोध्या को आज दिनांक 06.02.2025 को डाभासेमर नहर पटरी से समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा पीडिता की सकुशल बरामदगी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है। अभियुक्त अभिषेक उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

# ललित अरोड़ा इंश्योरेंस एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के बने प्रदेश अध्यक्ष

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** इंश्योरेंस एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश विदेश में इंश्योरेंस के क्षेत्र में मोदीनगर की पहचान बनाने वाले ललित अरोड़ा को उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन गोयल ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी एसोसिएशन इंश्योरेंस एजेंट्स को मजबूती देने के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्यों में भी सहयोग करती आयी है कोविद के समय हमारी संस्था ने सहमति देने वालों के साथ अन्य सेवाओं में भी समर्थन किया था



इसके अलावा पुलवामा के शहीद परिवारों को भी संस्था से मदद दी गयी दिल्ली में बाढ़ के समय भी हमारी संस्था ने हरसंभव मदद का प्रयास किया। संस्था के महामंत्री नरेश सिंहल ने कहा की आज हमारी संस्था पूरे देश में इंश्योरेंस एजेंट्स के हितों के लिए कार्य कर रही है इसी कड़ी में आज उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने के लिए ललित अरोड़ा जी को उत्तर प्रदेश की कमान सौंपी गई है। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों नितिन श्रीवास्तव,दीपक गुप्ता,विजय गुप्ता,नितिन चुग,सुनील शाह,पंकज सिंघानिया,प्रदीप कुमार, आदि का संजय चौधरी, रक्षक गुप्ता, विश्रांत कौशिक,विपिन वर्मा, मनोज कुमार,नीरज गुप्ता, आशीष गोयल आदि मौजूद रहे।

# परशुराम धाम में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** परशुराम खेड़ा पुरा महादेव बागपत मे भगवान परशुराम धाम में राम परिवार, सूर्य भगवान ,दुर्गा माता, राधा कृष्ण ,की मूर्ति स्थापना के द्वितीय दिन मुख्य यजमान अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिवमोहन भारद्वाज रहे। इस मौके पर शिव मोहन भारद्वाज ने कहा कि भगवान की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में मुख्य यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान परशुराम के असीम अनुकंपा मंदिर के सभी कार्य धीरे-धीरे संपन्न हो रहे हैं। भगवान सभी भक्तजनों पर अपनी असीम कृपा रखते हैं। हमें भगवान का नाम लेकर अपने सभी काम पूर्ण करने चाहिए।



## आज से 25 फरवरी तक मिलेगा राशन

**गाजियाबाद।** जिले में राशन वितरण आज से शुरू होगा जो 25 फरवरी तक किया जायेगा। अंत्योदय राशन कार्ड के पात्रों को प्रति यूनिट 02.300 किलोग्राम गेहूं और 02.700 किलोग्राम चावल दिया जाएगा। जिले में राशन वितरण मोबाइल ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही मोदीनगर तहसील के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के नंबर 9528871403, लोनी के खाद्य अधिकारी 8126491720 पर, तहसील सदर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, 9935722673 एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी 7906871761 पर फोन कर सकते है।

# मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** जिलाधिकारी गाजियाबाद ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल को सम्मानित किया।

डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी को मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और स्वीप प्रोग्राम में उत्कृष्ट कार्य करने पर गाजियाबाद के जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ( आईएएस )तथा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल( आईएएस )इस और डी

- **शिक्षकों छात्रों के माध्यम से मोदीनगर के आसपास और मोदीनगर में भी लोगों को अपना मत देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं**

आईओएस डॉ धर्मेंद्र शर्मा जी बीएसए डॉक्टर ओपी यादव जी हिंदी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यथा संभव प्रयास किया लेकिन हमें और बेहतर प्रयास कर बेहतर परिणाम देने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने सभी के लिए कृतज्ञता व्यक्त की जिन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किया और लोकतंत्र में सदैव अपना सहयोग बनाए रखने की अपील की ।उल्लेखनीय है कि मोदी कॉलेज के सभी छात्र और शिक्षक प्रधानाचार्य के दिशा निर्देशन में शासन प्रशासन और विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और समाज को जागरूक करते हैं।

पिछले अनेक वर्षों से प्रधानाचार्य अपने शिक्षकों छात्रों के माध्यम से मोदीनगर के आसपास और मोदीनगर में भी लोगों को अपना मत देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं जिसके लिए पहले भी जिलाधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।



## न्यायाधीश अनिल कुमार–दशम की अध्यक्षता में

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार दिनांकः 08/03/2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय श्री अनिल कुमार–दशम की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय श्री अनिल कुमार–दशम ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बं?ध में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनता में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जन जागरूकता फैलाई जाए। जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराने हेतु अपने सुझाव भी दे सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत को आयोजित करने की मंशा यह है कि अधिक से अधिक वादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जा सके। जिससे लोगों को जल्द न्याय मिलने में सुविधा प्राप्त हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में हर प्रकार के वादों का निस्तारण किया जाता है। उन्होने आम जनता सहित सभी गणमान्यों से अपील की है कि वे जनपद न्यायालय के वाट्सअप चैनलँ पर जुड़े, जिसमें उन्हें जनपद न्यायलय में हो रहे कार्यों, वादों सहित अन्य सूचनाऐं समय–समय पर प्राप्त हो सके। उन्होने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत एवं वाट्सअप चैनल में जुड़ने हेतु अपने कार्यालय के बाहर बैनर लगाना सुनिश्चित करें, जिससे की यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सकें और वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों को निस्तारण करा सकें साथ ही वाट्सअप चैनल पर मिलने वाली सूचनाओं का भी लाभ ले सकें। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अपर जिला?धिकारी (नगर), अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर पुलिस उपायुक्त, उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित नगर निगम, जीडीए, बैंक एवं अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने गाजियाबाद नगर निगम में चल रहे कार्यों व योजनाओं को ली जानकारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मेरठ मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद द्वारा गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत चल रहे कार्यों और योजनाओं को लेकर गुरुवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मालिक एवं निगम अधिकारियों के साथ बैठक की गई। नगर आयुक्त ने गाजियाबाद नगर निगम में चल रहे कार्यों, योजनाओं व आगामी योजनाओं पर विस्तृत प्रेजेंटेशन भी दी। लगभग 44 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। मंडलायुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की हाईटेक पद्धति को देखते हुए अन्य नगर निकायों को भी इसी तर्ज पर आधुनिकीकरण की तरफ रफ्तार बढ़ाने के लिए टीम को कहा। मेरठ नगर निगम के साथ-साथ अन्य नगर पालिका नगर पंचायत भी गाजियाबाद नगर निगम की तर्ज पर अपने-अपने विभागों को हाईटेक बनाए जाने को लेकर प्लानिंग करने के लिए टीम को निर्देश दिए। गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा शहर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए चल रहे कार्यों मियावाकी पद्धति से पौधा रोपण, सड़कों को धूल मुक्त बनाने, तालाबों का जीर्णोद्धार, ओपन जिम की व्यवस्था, बायोडायवर्सिटी पार्क, योजना उपवन योजना, हरित शवदाह ग्रह, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम, इंदिरापुरम में चल रहे कार्य, कैमरा इंटीग्रेशन 311 ऐप, माय जीएनएन पोर्टल, इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की गई। इसी के साथ परियोजनाओं के बारे में भी बताया, जिसमें उत्तरांचल भवन, पूर्वांचल भवन, वाल्मीकि भवन, मल्टीलेवल कार पार्किंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेल का गठन, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, स्पोर्ट प्लाजा, मॉडर्न कर्कश प्लांट और गाजियाबाद की एंट्री गेट के बारे में भी प्रेजेंटेशन दी गई। नगर आयुक्त द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के चल रहे कार्य के बारे में भी मंडलायुक्त को अवगत कराया। नगर आयुक्त ने बताया गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत चल रहे कार्यों को मंडला आयुक्त द्वारा सरहाया गया। हाईटेक पद्धति से गाजियाबाद नगर निगम अन्य निगम में बेहतर स्थान पर है। इसी क्रम में और अधिक शहर हित में बेहतर कार्य करने के लिए मार्गदर्शन भी किया गया। टीम को मोटिवेशन मिला, स्वास्थ्य विभाग के चल रहे कार्यों को भी साझा किया गया। जिसमें स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, वेस्ट प्लांट, सीएनजी प्लांट, ड्राई वेस्ट प्लांट, ट्रिपल आर सेंटर, वेस्ट टू वंडर पार्क की जानकारी भी दी गई। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा मॉडर्न स्पॉट प्लाजा, बायोडायवर्सिटी पार्क को रफ्तार देने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनेंद्र कुमार, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, जीएम जलकल केपी आनंद, एमएनएलपी विवेक सिंह, ऑडिटर विमलेश सिंह, ऑडिटर रोहताश शुक्ला, एएओ जेपी सिंह, अधिशासी अभियंता देशराज सिंह उपस्थित रहे।

## नौ फरवरी को मनाया जाएगा बिहंग गांव का जन्मोत्सव

**गाजियाबाद।** मुरादनगर स्थित बिहंग गांव का जन्मोत्सव नौ फरवरी को मनाया जाएगा। इस सम्बंध में आयोजित प्रेसवार्ता में संयोजक कर्नल टीपी त्यागी ने बताया कि पीएम मोदी के आहवाहन पर गांववासियों ने अपने गांव का जन्मोत्सव मनाना शुरू किया था। यह 11वां जन्मोत्सव समारोह हैं जिसे गांव के निवासी जो बाहर रहते हैं, या वर्तमान में गांव में रह रहे हैं, सभी मिलजुल कर इस उत्सव को मनाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों से लेकर खेल का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत सामूहिक भोज किया जाएगा। रमा त्यागी ने बताया कि इस बार जन्मोत्सव पर स्वच्छता के लिए बायो एंजाइम को बनाना और इस्तेमाल करना भी सिखाया जएगा। एडवोकेट बी सी बंसल, रघुनंदन त्यागी, दुष्यंत त्यागी, सुंदर त्यागी ने कहा पीएम मोदी के प्रस्ताव को हमने वेद वाक्य मानकर जन्मोत्सव मनाना शुरू किया है, हमारे गांव को आदर्श गांव घोषित किया जाना चाहिए।

## साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर हुआ हंगामा

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित मिल्ट्री मैदान में गुरुवार को फिर हंगामा हुआ। यहां साप्ताहिक बाजार लगाने के लिए वेंडर पहुंच गए। जिन्हें सेना के जवानों ने रोक दिया। इस बात पर घंटो तक हंगामा होता रहा। ज्ञात हो कि गाजियाबाद में कमिश्नरेट पुलिस ने सड़क पर साप्ताहिक बाजार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। दुकानदारों से कहा गया है कि वह खाली स्थानों पर बाजार लगाएं। सड़क पर दुकानें नहीं लगने दी जाएंगी। आज सुबह बड़ी संख्या में साप्ताहिक बाजार के दुकानदार विजयनगर स्थित मिल्ट्री मैदान पहुंच गए। जैसे ही उन्होंनें बाजार लगाना शुरू किया वहां सेना के जवान आ गए। जवानों ने सेना की जमीन पर बाजार नहीं लगने देने की बात कही। जिसका दुकानदारों ने विरोध किया। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फार्मासिस्ट लापता

**गाजियाबाद।** तीन फरवरी को मसूरी थाना क्षेत्र के गांव नाहल में रहने वाली 22 वर्षीय फार्मासिस्ट रहस्यमय हालात में लापता हो गई। पुलिस के मुताबिक यह अपराधिक घटना उस समय घटित हुई कि जब वह दिल्ली में स्थित एक अस्पताल में अपना रिज्यूम देने गई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में उस युवती के भाई मौहम्मद बिलाल ने बताया है कि उसकी बहन से उनकी बात अंतिम बार तीन फरवरी को 3 बजे के आस–पास हुई थी। और उस समय उसकी लोकेशन मनीपाल अस्पताल के पास दिखाई दे रही थी। उसके बाद उससे उनका संपर्क अूट गया। उसके बाद उन्होंने अपनी बहन को हर जगह तलाशा। लेकिन वह कहीं नहीं मिली। फिर उन्होंने अपनी बहन के लापता होने की सूचना डायल 112 से लेकर वेब सिटी व कविनगर थाना पुलिस को दी। दो दिन तक थाना चौकियों के चक्कर काटने के बाद उन्हें मसूरी पुलिस के पास आना पड़ा। पुलिस को दी गई तहरीर में लापता युवती के भाई ने अपनी बहन का अपहरण होने व किसी अनिष्टद घटना के घटने की आशंका जताई है। तहरीर मिलने के बाद मसूरी पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करके लापता युवती की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## आरकेजीआईटी में शीतकालीन तकनीकी कैंप का समापन

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए 21 दिवसीय शीतकालीन तकनीकी कैंप का समापन 5 फरवरी को किया गया। इस कैंप में नेट कैंप सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शांतू पुरकेत ने एंड्रॉयड एप्लीकेशन, एथिकल हैकिंग, नेटवर्किंग और वेब एप्लीकेशन डेवलपमेंट पर छात्रों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी। इस तकनीकी कैंप में सी एस ई,आईओटी, डाटा साइंस, एआईएमल एवं बीबीए विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कैंप का आयोजन डॉ अमित सिंघल, हेड सी.एस.ई. विभाग के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम के संचालन में सी.एस.ई. विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार सागर का अहम योगदान एवं सहयोग रहा। कॉलेज के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान एवं डायरेक्टर डॉ बीसी शर्मा ने इस तकनीकी कैंप के आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# नौकरी के दो दिन बाद ड्राइवर ने कार से चोरी किए 10 लाख रुपये, चालक व उसका जीजा गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** स्टील व्यापारी की कार से 10 लाख रुपये की चोरी करने वाले शातिर ड्राइवर व उसके जीजा को कविनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक सप्ताह पूर्व ही व्यापारी ने एप के जरिये चालक को अपने पास 15,000 रुपए मासिक वेतन पर रखा था। कविनगर थाने में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने एसएचओ योगेन्द्र मलिक की मौजूदगी में बताया राजनगर सेक्टर-पांच निवासी राकेश कुमार मित्तल ने ऐप के जरिये अभिषेक मिश्रा को चालक की नौकरी पर रखा था। उसने ऐप पर अपना ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड भेजा था। नौकरी पर रखने के बाद वह 29 जनवरी को काम पर आया था। उसके साथ सुनील तिवारी नाम का व्यक्ति भी आया था। उन्होंने दोनों को पुलिस वेरिफिकेशन कराकर लाने की बात कहते हुए भेज दिया था। चार फरवरी की सुबह को चालक अभिषेक मिश्रा अपने साथी सुनील के साथ आया। उन्होंने सुनील को वापस भेज दिया तथा वह अभिषेक मिश्रा को गाड़ी पर लेकर साकेत दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल ले गए। पत्नी का अस्पताल में उपचार कराने के लिए उन्होंने रास्ते में पड? वाले अपने होटल से 10 लाख रुपये लिए और उन्हें सीट के नीचे रख दिया। रात करीब सवा नौ बजे वह अपनी बेटी के साथ ऊपर चले गए। इसी दौरान अभिषेक मिश्रा गाड़ी में रखे दस लाख रुपये और स्कूटी लेकर फरार हो गया था। पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कवि नगर पुलिस ने शाहजहांपुर के रहने वाले ड्राइवर अभिषेक मिश्रा और उसके जीजा सुनील तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 8.89 लाख रुपए नकद, एक एक्टिवा स्कूटी और नागालैंड का बना ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। एसीपी के अनुसार, पुलिस ने स्थानीय सूचनाओं, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर नेटवर्क की मदद से दोनों आरोपियों को पकडे में सफलता हासिल की। पुलिस के मुताबिक अभिषेक का लाइसेंस नागालैंड का बना हुआ है उसकी भी जांच कराई जा रही है। इसके अलावा पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है कि स्टील कारोबारी ने अपने ड्राइवर को रखने के बाद उसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया था। कोई भी ड्राइवर रखने से पहले उसका पुलिस वेरिफिकेशन बेहद जरुरी है।

## लड़की से पहले दोस्ती फिर बनाया अश्लील वीडियो, किया ब्लैकमेल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में वर्ष 2019 में किशोरी से दोस्ती कर एक युवक ने अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। इसके बाद किशोरी को ब्लैकमेल कर अपने साथ ले गया। डेढ़ महीने किशोरी को अपने साथ रख फर्जी शादी भी रचा ली। किशोरी अपने घर लौटी तब भी आरोपित ब्लैकमेल कर उससे रुपये लेता रहा।

जब पीड़िता ने परेशान होकर मना किया तब पिता पर दबाव बनाने के लिए उन्हें वीडियो भेजकर रुपये मांगे। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपित पर कार्रवाई कराई। कोर्ट में आरोपित ने बताया कि उसने शादी की है। सहमति से तलाक के लिए आरोपित 25 लाख रुपये मांग रहा है। पीड़िता की अधिवक्ता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र लगाकर शिकायत की है। वर्ष 2019 में मोदीनगर निवासी किशोरी से एक युवक की दोस्ती हो गई। एक दिन युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो और फोटो बना लिया। इसके बाद किशोरी को ब्लैकमेल करने लगा। किशोरी को धमकाकर आरोपित वर्ष 2019 में ही अपने साथ ले गया था। करीब डेढ़ माह तक किशोरी उसके साथ रही इसके बाद घर वापस आ गई। बदनामी के डर से किशोरी के पिता ने पुलिस से शिकायत नहीं की। आरोपित किशोरी का लगातार ब्लैकमेल करते हुए रुपये लेता रहा। इसी बीच लड़की बालिग हो गई। वर्ष 2023 में युवती ने आरोपित को रुपये देने से मना कर दिया तो उसके पिता को वीडियो भेज दिया और इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत की।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में 13 हजार अभ्यार्थी लगाएंगे दौड़

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस भर्ती परीक्षा के तहत शारीरिक योग्यता परीक्षण में अभ्यर्थियों की दौड़ आगामी दस फरवरी से गोविंदपुरम स्थित 47वीं वाहिनी पीएसी परिसर में शुरू होगी। डीसीपी सिटी ने राजेश कुमार बताया कि इस दौड़ में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और शामली के 13 हजार 900 अभ्यर्थी भाग लेंगे। गुरुवार को डीसीपी सिटी और परीक्षा के नोडल अधिकारी ने पीएसी परिसर का दौरा कर दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न होने देने की बात कही। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एव प्रोन्नति बोर्ड ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 23 अगस्त से 31 अगस्त 2024 के बीच आयोजित कराई थी। 21 नवंबर 2024 को इसका रिजल्ट जारी हुआ था। इसी क्रम में बोर्ड ने 26 दिसंबर से शारीरिक मानक परीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन शुरू हुआ। गाजियाबाद पुलिस लाइन में 2386 अभ्यर्थियों का शारीरिक मानक परीक्षण तथा दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। इनमें 662 महिला अभ्यर्थी थीं, जो कि सभी गाजियाबाद की रहने वाली थीं। गाजियाबाद में पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के लिए डीसीपी सिटी को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस विभाग से नोडल अधिकारी एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार तथा प्रशासन से नोडल अधिकारी एडीएम सिटी गंभीर सिंह को बनाया गया है।

## नाला निर्माण कार्य का पार्षद ने कराया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नाले का निर्माण न होने के कारण कौशांबी में जलभराव की समस्या से लोग बेहद परेशान थे। पार्षद कुसुम मनोज गोयल के अथक प्रयासों के चलते क्षेत्र के लोगों की इस समस्या का भी समाधान हो गया। कौशांबी में गुरुवार को आइसीआइसीआइ बैंक के सामने से के ए ब्लॉक के साथ-साथ एमटीएनएल ऑफिस के सामने से होकर नाले का निर्माण कार्य का पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा करवाया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी जीडी शर्मा एवं मुन्नी सिंगला ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर किया। पार्षद द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान फूलों की माला पहनाकर किया गया। इस कार्य को करने के लिए पार्षद ने महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का भी आभार प्रकट किया। कौशांबी जल भराव बड़ी समस्या है। इसके निवारण के लिए पार्षद द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रह हैं। इसी कड़ी में नए नाले का निर्माण पिछले वर्षों में किया गया। जिसके कारण जल भराव में पहले से कमी आई है। डाबर के साथ-साथ थाने के सामने हुए नाले निर्माण के कारण अब पानी पहले से जल्दी निकलने लगा है। इस कार्य से भी पानी और जल्दी निकलेगा। पार्षद ने बताया जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। नाला निर्माण होने से जलभराव की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। नाला निर्माण कार्य में इस्तेमाल सामाग्री की गुणवत्ता का ध्यान देते हुए संबंधित ठेकेदार को भी निर्देश दिए गए है। इस दौरान कौशांबी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, के ए ब्लॉक की अध्यक्ष नीतू जैन आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में राशन डीलरो को 07 फरवरी से 25 तक राशन वितरण करने का हुआ निर्देश

वेलकम इंडिया



विभाग की ओर से उचित दर विक्रेता वितरण के संबंध में सूचना दुकान पर पहले ही चस्पा करने के निर्देश जारी किए गए है वितरण के समय कार्ड धारकों में भ्रम की स्थिति पैदा ना हो उसको लेकर क्षेत्र खाद्य अधिकारी पूर्ति निरीक्षक अपने क्षेत्र अंतर्गत भ्रमशील रहते हुए खाद्यान्न का शत प्रतिशत मात्रा अनुसार लाभार्थियों में कराएंगे।

**–अमित तिवारी**
**जिला पूर्ति अधिकारी गाजियाबाद**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** जिला गाजियाबाद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आगामी 07 फरवरी 2025 से 25 फरवरी तक राशन निशुल्क वितरण कराया जाएगा। जिसमें अंत्योदय राशन कार्ड पर चावल की मात्रा 18 किलो और गेहूं की मात्रा 17 किलो तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पर 2.7 किलो ग्राम चावल व गेंहू 2.3 किलोग्राम प्रति यूनिट सुबह 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। वितरण के दौरान उचित दर विक्रेता द्वारा प्रतिदिन एक निषेध संख्या में टोकन कार्ड धारकों में वितरण किया जाएगा और समय की उपलब्धता एमपी पास मशीन से हो पा रहे वितरण के अनुरूप उसमें अपेक्षित परिवर्तन करते हुए खाद्य वितरण का कार्य प्रदर्शित तरीके से निवेदन अधिकारी की उपस्थिति में सुनिश्चित किया जाएगा मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि आगामी 25 फरवरी रहेगी पोर्टेबिलिटी के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपलब्ध खदान की सीमा तक होगी राशन कार्डों धारकों से अपील की जाती है कि वह उचित दर विक्रेता को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए नियम अनुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने का कस्ट करें किसी भी कार्ड धारक को राशन प्राप्त करने में सुविधा होती है तो इसके लिए वह जिला पूर्ति अधिकारी गाजियाबाद की मोबाइल नंबर 9319582708 पर संपर्क कर सकते हैं तहसील मोदीनगर के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विनोद भारती के मोबाइल नंबर 9528871403 , तहसील लोनी के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आनंद प्रभु सिंह के मोबाइल नंबर 8126491720 एवं तहसील सदर गाजियाबाद के क्षेत्र अधिकार से संपर्क करने के लिए नाम कृपा शंकर मोबाइल नंबर 9935722673 पर कॉल करके अवगत करा सकते हैं।